## संक्षिप्त खबरें

### 27 से शुरू होगा एक्युप्रेशर पखवारा

पटना सिटी, देश में 27 जून से 11 जुलाई तक पंचम एक्युप्रेशर पखवारा का आयोजन किया जाएगा। बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इंडियन काउंसिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरुकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजित किया जाएगा। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त के प्रेरणा से पंचम एक्युप्रेशर पखवारा में हजार से अधिक स्थान पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं बेसिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। लगभग एक लाख जनमानस को इससे लाभान्वित किए जाने की योजना है। सभी शिविर संयोजक एवं सहयोगी को पटना के अधिवेशन भवन में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 31वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। पखवारा का उद्घाटन 27 जून को बिस्कोमान गोलम्बर स्थित बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर में किया जाएगा। इसके बाद 11 जुलाई तक बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, नई दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, आसाम, उड़िसा आदि राज्यों में शिविर का लाभ जनमानस ले पाएंगे।

### शराब के साथ दो व मारपीट में एक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने शरराब केसाथ दो और मारपीट के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। पीरदमरिया घाट गंगा पथ पर छापेमारी कर पुलिस ने 161 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में शक्ति पासवान और राजीव कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि सअनि निरंजन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर शराब बेचते व छिपा कर रखे गए शराब को बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर दीदारगंज थाना की पुलिस ने तीन वांरटी सूरज राय, अशोक राय और भृगुनाथ राय को दीदारगंज से गिरफ्तार किया है। अगमकुआं थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोपित विश्वनाथ प्रसाद उर्फ पाटिल को गिरफ्तार किया है।

### एक अज्ञात वृद्धि व्यक्ति का शव प्लेटफार्म से बरामद

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या 1ए के ब्रिज के नीचे से एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया। मृतक देखने में भिखाड़ी सा लगता है। उम्र लगभग 70 के आस पास बतायी जाती है। प्रथम दृष्टया से लू लगने से स्वभावित मौत बतायी जा रही है। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि लू लगने से मौत होना लगता है।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी सामने आयेगी।

### हत्या के मामले में तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने अभय कुमार हत्या के मामले मे तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें विकास कुमार सुजीत कुमार व उमेश कुमार शामिल है। बताया जाता है कि विगत 27 फरवरी को दानापुर थाना क्षेत्र के अखाड़ा घाट में मारपीट में न्यू सुलतानपुर निवासी अभय कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसका इलाज के दौरान 13 मार्च को मौत हो गया था। जिसमें प्रमोद कुमार द्वारा मामला दर्ज करा करीब दर्जन भर लोगो को आरोपित किया गया। कांड के अनुसंधान कर्ता दारोगा मंजीत ठाकुर ने बताया कि अभय हत्या कांड मामले में छापेमारी की बुधवार की देर रात आरोपित विकास कुमार, संजीत कुमार व उमेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी को पुछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाकपा-माले ने निकाला विरोध मार्च

फतुहा। डा अरुंधती राय व डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूपीए के तहत किए गये मुकदमे को लेकर भाकपा माले के कार्यकताओं ने गुरुवार को शहर के अंदर विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च महारानी चौक से निकाली गयी तथा वापस महारानी चौक पर लौटने के बाद एक सभा में तब्दील हो गयी। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि अरुंधति रॉय जैसी विश्वस्तर की लेखिका तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के जानकार डॉ. शेख शौकत हुसैन पर यूपीए कानून लगाना और उन्हें जेल भेजने की बात करना भाजपा की दमनकारी नीति है जिसका भाकपा माले जबरदस्त विरोध करती है।उन्होने इनलोगों पर लगाए गए यूपीए मुकदमे को रद्द करने की मांग की है। मौके पर पंकज यादव, साधु शरण यादव, मुन्ना पंडित, अवधेश कुमार, बिंदा पासवान, विष्णु कुमार, मंजू देवी, गोरकी देवी, दीनानाथ केसरी, सुदामा दास आदि मौजूद थे।

# फिनायल बनाने की आड़ में शराब बनाने को स्प्रिट व मेटेरियल बेचने के अड्डा पर छापा

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में स्प्रिट, कैप, स्टिकर, ढक्कन, बोतल बरामद

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता





उत्पाद विभाग के द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पश्चिम गैस गोदाम गली के एक गोदाम में छापेमारी की गई है। यहां फिनायल बनाने की आड़ में शराब बनाने का स्प्रिट और मेटेरियल बेचने का धंधा किया जा रहा था। इस गोदाम से शराब बनाने का स्प्रिट, होम्योपैथिक स्प्रिट के अलावा बोतल, ढक्कन, विभिन्न ब्रांड का स्टीकर आदि बरामद किया गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में सूचना मिलने के बाद टीम का गठन किया गया। उनके साथ एक अन्य इंस्पेक्टर विजय कुमार आदि थे। दरअसल उत्पाद विभाग की टीम को लगातार सूचना मिल रही थी कि अगमकुआं थाना क्षेत्र में एक रैकेट चलाया जा रहा है, जो लोगों को शराब बनाने का मेटेरियल उपलब्ध कराता है। इसमें स्प्रिट से लेकर विभिन्न ब्रांड का ढक्कन, कैंप, रैपर, बोतल से लेकर अन्य सामान उपलब्ध कराता है। यहीं से यह बिहार के विभिन्न जिलों में अवैध रूप से शराब बनाने वाले लोगों को यह मेटेरियल की आपूर्ति किया करता था। इसी दौरान मधुबनी से अवैध शराब का कारोबार करने वाला दिलखुश यादव भी यहां शराब बनाने का सामान खरीदने को पहुंचा था। इसी दौरान सूचना मिलने पर उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अजीत कुमार एवं विजय कुमार के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी एवं बल तैयार किया गया और उक्त गोदाम पर धावा बोला गया। पहले तो उत्पाद विभाग की टीम पसोपेश में पड़ गई कि कहीं वह गलत ठिकाने पर तो नहीं पहुंच गया। कारण कि जिस गैस गोदाम गली में इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाला अशोक गुप्ता ने किराए पर ले रखा था, वहां आगे में फिनायल बनाने का सामान और मेटेरियल के साथ ही तैयार फिनायल रखा हुआ था। इसी फिनायल बनाने की आड़ में पीछे की ओर वह शराब बनाने का स्प्रिट और इसका मेटेरियल बेचने का वह गोरखधंधा किया करता था। उत्पाद विभाग की टीम जब अंदर पहुंची, तो इन लोगों के द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि इसका प्रमुख सरगना आकाश गुप्ता उसे वक्त वहां मौजूद नहीं था। यहां से उसका कर्मचारी राहुल रोशन पकड़ा गया। राहुल आलमगंज थाना क्षेत्र के बड़ी पटनदेवी के पास का रहने वाला है। वहीं दूसरा गिरफ्तार मधुबनी का दिलखुश यादव है, जो यहां अवैध शराब बनाने के लिए मेटेरियल की खरीदारी करने को पहुंचा था। उत्पाद विभाग की टीम ने यहां से करीब 300 लीटर स्प्रिट, करीब 63 लीटर होम्योपैथिक स्प्रिट, करीब 10 हजार पीस विभिन्न ब्रांडेड शराब कंपनियों का ढक्कन, विभिन्न ब्रांड का करीब चार हजार खाली शराब भरे जाने वाला बोतल, स्टीकर आदि बरामद किया गया है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अजीत कुमार का कहना था कि इसके पूर्व बैरिया बस स्टैंड के पीछे में भी की गई छापेमारी में शराब बनाने के काम आने वाला स्प्रिट और मेटेरियल के साथ अशोक गुप्ता और उसका सहयोगी पकड़ा गया था। उन सबों को जेल भी भेजा गया था। बाद में वह सब जमानत पर छूटने में सफल रहा। फिलहाल उत्पाद विभाग की टीम अशोक गुप्ता और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की तलाश में छापेमारी में लगी है।

# घुटना प्रत्यारोपण में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट से पायें बेहतरीन परिणाम

प्रात:किरण संवाददाता



**पटना** आज की जीवनशैली की वजह से बुजुर्ग लोगों के साथ-साथ 40 वर्ष की उम्र पार करते-करते लोगों में घुटनों के दर्द की समस्या होने लगती है। मेडिकल क्षेत्र में आयी आधुनिकता घुटनों के दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट इसका वर्तमान उदाहरण है, जिसमें रोबोट की सटीकता से नी रिप्लेसमेंट को अंजाम दिया जाता है, और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किये जाते हैं। भविष्य की इस तकनीक के बारे में जानकारी साँझा कर रहे हैं, सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर-8 फरीदाबाद के जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर एवं 24000 से अधिक जॉइंट रिप्लेसमेंट का अनुभव रखने वाले डॉ. सुजॉय भट्टाचार्जी। जब बात सटीकता कि हो तो रोबोट से जॉइंट रिप्लेसमेंट के सर्वश्रेष्ठ नतीजे मिलते हैं।इसके साथ-साथ रोबोट द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट के अन्य फायदे भी होते हैं जैसेः लिगामेंट अथवा मांसपेशियों को बचाकर जल्द रिकवरीः सर्वोदय के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग में हम सी आर जॉइंट रिप्लेसमेंट ही करते है। जिसके तहत हम न्यूनतम चीरे से घुटने के केवल जरुरी भाग को ही बदलते हैं और लिगामेंट को बचाते हैं। जिसका फायदा मरीज को जल्दी रिकवरी के रूप में मिलता है और मरीज को लगता ही नहीं की उसकी नी रिप्लेसमेंट सर्जरी भी हुई है। सटीक प्लेसमेंट से इम्प्लांट की लम्बी उम्रः जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए यह बहुत अहम होता है कि इम्प्लांट को बिलकुल सीध में लगाया जाये अन्यथा वह जल्दी खराब हो जायेगा। जब रोबोट से हड्डी को काटा जाता है तो हम हड्डी को बिल्कुल सटीकता से काट पाते हैं और वहाँ सटीक इम्प्लांट लगा पाते हैं। आज के समय में यह सटीकता अन्य किसी तकनीक से प्राप्त ही नहीं की जा सकती। इसलिए मरीज को लम्बे समय तक दर्दमुक्त नी रिप्लेसमेंट का लाभ मिल पाता है। जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के 2 घंटे बाद चलना संभवः जब हम न्यूनतम चीरे, कम रक्तस्त्राव और सटीक इम्प्लांट के साथ सर्जरी करते हैं, तो मरीज का, कम दर्द के साथ, सर्जरी के 2 घंटे के बाद ही साथ चलाना संभव हो पाता है।

# खरीफ महा अभियान 2024 के तहत बिक्रम में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

## खरीफ फसल के साथ मोटे अनाजों के बारे में दी गई जानकारी



प्रात:किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी कृषि प्रौधोगिकी प्रबंधक अभिकरण आत्मा के तत्वाधान में खरीफ महाअभियान 2024 के अंतर्गत गुरुवार को बिक्रम में प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई स्थानीय कृषि भवन सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रामईश्वर पासवान, आत्मा अध्यक्ष सनत कुमार व किसानश्री रामजीत शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किए। वहीं आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानो को खरीफ फसल के साथ मोटे अनाज के उत्पादन व उसके फायदे के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई व उपस्थित किसानों को प्रेरित कर इसके खेती से लाभ के बारे में बताया गया। कृषि एवं उद्यान विभाग के योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राज देव साह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखण्ड कृषि उद्यान पदाधिकारी सह प्रखण्ड कृषि प्रौधोगिकी प्रबंधक पंकज कुमार, आत्मा एटीएम अश्विनी कुमार ने भी किसानो को अनाजों के उत्पादन व फायदे के बारे में जानकारी दी व खेती के लिए प्रेरित किया मौके पर प्रखण्ड के सभी कृषि समन्वयक व कृषि सलाहकार के अलावे सैकड़ों किसान मौजूद रहे ।

# संदिग्धावस्था में दो युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

प्रात:किरण संवाददाता

दानापुर नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्धावस्था में दो युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। पहला शव तुरहाटोली स्थित मृतक के घर से बरामद किया गया तो दूसरा न्यू मुबारकपुर स्टेट बोरिंग से बरामद किया। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा सौप दिया। अधिक नशा का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। बताया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के तुरहाटोली निवासी अशोक कुमार के पुत्र सूर्यकांत उर्फ गोलू 27 गुजरात में काम करता था। रविवार को वो घर आया था। अशोक ने बताया कि बुधवार को शाम दूध सब्जी लाया। उसके बाद वो घर से निकला। देर रात करीब पड़ोस में रहने वाला एक खान नामक युवक का फोन आया उसने बताया कि गोलू नशा कर बेहोश पड़ा है। हम लोग गये तो देखा कि कबाड़ी के दुकान के पीछे अचेत वो पड़ा है। उसे उठा कर घर लाये। उसकी तबियत बिगड़ गया। जिसके बाद उसे लेकर सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में ले गया। जहां से चिकित्सक ने एम्स भेज दिया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वही न्यू ताराचक निवासी राज कुमार पांडेय के पुत्र सन्नी कुमार पांडेय 29 के साथ घटी। पुलिस ने सन्नी का शव स्टेट बोरिंग से बरामद किया। पुलिस उसकी पहचान के लिए उसके पास से मिले नंबर पर कॉल किया। उसने बताया कि वो उसका दोस्त है। उसे घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मृतक की मां सुषमा देवी परिजन चित्कार करते अस्पताल पहुंचे। सन्नी के भाई रितेश पांडेय ने बताया कि सन्नी बुधवार को ही मुम्बई से आया था। शाम 7 बजे घर से बाहर निकला था। पर वापस नही आया जिसके बाद उसके मोबाइल पर कॉल किया तो नंबर बंद आया। सुबह सन्नी के एक दोस्त ने फोन कर जानकारी दी। जिसके बाद हमलोग पहुंचे। शव के पास इंजेक्शन और दवा पड़ा हुआ था। मेरा भाई ड्रग्स नही लेता है। पुलिस ने दोनो शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया अधिक ड्रग्स लेने से मौत होना प्रतित होता है।

# दानाड़ा क्रिकेट क्लब का फाइनल मुकाबला दानाड़ा टीम के नाम

## खेलों के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है :- शैलेश यादव

प्रात:किरण संवाददाता



बिक्रम : बिक्रम प्रखंड के दनाड़ा गाँव के कीड़ा मैदान पर आयोजित क्रिकेट क्लब के फाइनल मुकाबला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह पाटलिपुत्र सांसद मीसा भरती के पति शैलेश यादव ने खिलाडियों का परिचय लेते हुए किया` इसके पूर्व कमेटी के सदस्यों ने फूल माला व गुलदस्ते भेंट कर श्री यादव का जोरदार स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने शैलेश यादव अपने कार्यकताओं व सैकड़ों समर्थकों के साथ खेल के मैदान में पहुंचे। मौके पर श्री यादव ने कहा कि खेलों का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाडियों की मेधा का पहचान व उसे बेहतर मंच मिलने में आसानी होती है जिससे वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। फाइनल मैच दनाड़ा और दुल्हिन बाजार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर दुल्हिन बाजार के टीम ने पहीले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दनारा के टीम ने पहीले बलेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 97 रन बनाये। वही दुल्हिन बाजार के टीम 67 रन ही बना सकी। इस प्रकार दानाड़ा की टीम के खिलाड़ी फाइनल मुकाबले को अपने नाम करने में कामयाब रहे` वहीं टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर भूषण को मैन ऑफ द मैच दिया गया और मैन ऑफ द सीरीज प्रिंस को दिया गया। शैलेश यादव ने अपने हाथों से जीते हुए टीम के कैप्टन अंकित कुमार को कप और अन्य खिलाड़ियों को मैडल देकर समानित किया। मौके पर नीतीश कुमार , नितीश सिंह यादव, शंकर पासवान, शंभू यादव, मनीष कुमार, अनीश , विनय आदि लोग मौजूद थे।

# 06 वन-वे स्पेशल ट्रेनों का हुआ परिचालन

प्रात:किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा 06 वन-वे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 05561 दरभंगा-अमृतसर स्पेशल - 21 जून (शुक्रवार) को यह स्पेशल दरभंगा से 20.20 बजे खुलकर समस्तीपुर, हाजीपुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, दिल्ली के रास्ते रविवार को 01.25 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 14 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे । गाड़ी सं. 05180 मउ-कोलकाता स्पेशल - 21 जून (शुक्रवार) को यह स्पेशल मउ से 17.15 बजे खुलकर छपरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, बरौनी, झाझा के रास्ते शनिवार को 10 बजे कोलकाता पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे । गाड़ी सं. 05182 वाराणसी सिटी-हावड़ा स्पेशल - 21 जून (शुक्रवार) को यह स्पेशल वाराणसी सिटी से 20.15 बजे खुलकर बलिया, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, झाझा के रास्ते शनिवार को 18.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे । गाड़ी सं. 05184 गोरखपुर-कोलकाता स्पेशल - 22 जून (शनिवार) को यह स्पेशल गोरखपुर से 11.15 बजे खुलकर छपरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, बरौनी, झाझा, आसनसोल के रास्ते रविवार को 04 बजे कोलकाता पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 16 कोच होंगे । गाड़ी सं. 05186 गोमती नगर-हावड़ा स्पेशल - 22 जून (शनिवार) को यह स्पेशल गोमतीनगर से 17.30 बजे खुलकर गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, झाझा, आसनसोल के रास्ते रविवार को 15.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे । गाड़ी सं. 05562 अमृतसर-दरभंगा स्पेशल - 23 जून (रविवार) को यह स्पेशल अमृतसर से 04.25 बजे खुलकर दिल्ली, मुरादाबाद, गोरखपुर, हाजीपुर, समस्तीपुर, के रास्ते सोमवार को 11 बजे दरभंगा पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 14 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

### केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्कायानंद राय किया स्वागत

प्रात:किरण संवाददाता

फतुहा। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के लगातार दूसरी बार गृह राज्य मंत्री बनने के बाद गुरुवार को पटना पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता फतुहा नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद यादव, फतुहा नगर भाजपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, जल्ला मंडल अध्यक्ष संतोष यादव समेत फतुहा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने पटना एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया।

# चलाये जा रहे समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार, चलाये जाएंगे और 13 फेरे

प्रात:किरण संवाददाता



हाजीपुरः ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कटिहार-बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-सिवान-गोरखपुर-अयोध्याधाम-कानपुर-मथुरा-जयपुर के रास्ते गुवाहाटी से श्रीगंगानगर के लिए चलाये जा रहे स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है । अब इस स्पेशल के गुवाहाटी एवं श्रीगंगानगर से और 13 फेरे निम्नानुसार चलाये जाएंगे है गाड़ी संख्या 05636 गुवाहाटी-श्रीगंगानगर समर स्पेशल वर्तमान में 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को गुवाहाटी से परिचालित की जा रही है। इस स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे 03 जुलाई से 25 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार को चलाने का निर्णय लिया गया है । यह स्पेशल गुवाहाटी से बुधवार को 18.15 बजे खुलकर गुरूवार को 13.37 बजे हाजीपुर रूकते हुए शनिवार को 03.30 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05635 श्रीगंगानगर-गुवाहाटी समर स्पेशल वर्तमान में 30 जून तक प्रत्येक रविवार को श्रीगंगानगर से परिचालित की जा रही है। इस स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे 07 जुलाई से 29 सितंबर तक प्रत्येक रविवार को चलाने का निर्णय लिया गया है । यह स्पेशल श्रीगंगानगर से रविवार को 13.20 बजे खुलकर मंगलवार को 02.05 बजे हाजीपुर रूकते हुए बुधवार को 00.25 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 12 कोच हैं।

# भाई की जम कर की पिटाई, गंभीर हालत में भाई पहुंचा थाना

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता



स्वामीनाथ पांडेय ने तीन पंक्तियों का एक उपन्यास लिखा था। उसमें उन्होंने पूरे उपन्यास को लिख डाला। उन्होंने लिखा एक विधवा मां थी। जिनमें दो बेटे थे। एक बेटा ऊपर वाले माले पर रहता था, जबकि दूसरा बेटा नीचे वाले माले पर। विधवा मां 15 दिन एक बेटे के यहां और 15 दिन दूसरे बेटे के यहां खाना खाती थी। पर यह उस विधवा मां का दुर्भाग्य था कि साल में जो-जो महीना 31 दिन का होता था, उस एक दिन उस मां को उपवास रखना पड़ता था।

पटना सिटी में भी ऐसा ही एक वाकया देखने को मिला, जब नौ महीने पेट में रखने वाली मां बेटा के लिए बोझ बनने लगी। पंचायत ने दोनों बेटे को आधा-आधा खर्च उठाने का फरमान जारी कर दिया। लेकिन एक बेटे ने जब दूसरे भाई से मां के खर्च उठाने का आग्रह किया, तो एक भाई ने दूसरे भाई की जम कर पिटाई कर दी। गंभीर हालत में घायल भाई चौक थाना में न्याय के लिए पहुंचा। घंटों थाना के गेट पर बैठा पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाता रहा, लेकिन पुलिस वालों को इस पर भी तरस नहीं आई। घटना चौक थाना के लाल इमली बाग की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि गणेश शर्मा और दिनेश शर्मा दोनों भाइयों के बीच माता-पिता के भरण-पोषण का आधा-आधा भार उठाने का पंचायत में फरमान जारी किया गया। इसके बाद एक भाई ने अपने माता-पिता के भरण-पोषण का भार उठाने से इनकार कर दिया। जब एक भाई ने उसे इस बात की याद दिलाई, तो दूसरे भाई ने जमकर उसकी पिटाई कर दी। गंभीर अवस्था में गणेश शर्मा न्याय के लिए चौक थाना गेट पर बैठ कर पुलिस वालों से गुहार लगाता रहा, मगर पुलिस वालों को उस पर तरस नहीं आई। पुलिस ने उसे आवेदन लिखवा कर लाने को कहा। गणेश शर्मा की पत्नी गुड़िया देवी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वह न्याय के लिए थाना का चक्कर लगा रही है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वृद्ध माता-पिता को प्रताड़ित करने वाले बेटों पर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया था। पुलिस के वरीय अधिकारियों ने भी थाना में अशिक्षित पीड़ित को मदद करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद भी मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारी का आदेश थाना में मौजूद पदाधिकारी ने ताक पर रख दिया। इस मामले को लेकर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

### 23 को गंगा व बेटी बचाओ दिवस के रूप में मनेगा गंगा दशहरा महोत्सव

पटना सिटी (प्राकि)। गंगा दशहरा पूर्णिमा महोत्सव 23 जून को मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मां गंगा सेवा समिति, खाजेकलां के द्वारा कसेरा पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा व संचालन सचिव संजीव आर्यन ने करते हुए कहा कि 23 जून को गंगा दशहरा पूर्णिमा महोत्सव को गंगा और बेटी बचाओ दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान मां गंगा की महाआरती, दीपदान, भजन संध्या, सामाजिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को मां गंगा सेवा सम्मान एवं अंग वस्त्र देकर गण्यमान्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, अमरेंद्र सिंह, सुजीत कसेरा, दिलीप कुमार, विजय सोनी, सुरेश यादव, पिंकू यादव, प्रकाश सिन्हा, ध्रुव कुमार, सत्यम गुप्ता, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, भगवती प्रसाद मोदी, भूषण खत्री आदि गंगा पुत्र मौजूद थे।

# नेट व नीट में गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : भाजपा प्रवक्ता

## गुनहगार चाहे कोई भी हो, बच नहीं पाएगा : प्रभाकर

पटना, प्रात:किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि चाहे नेट हो या नीट, किसी परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। गुनहगारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई बिहार सरकार के द्वारा की जाएगी। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छात्र देश के भविष्य हैं।

उनकी मेहनत कभी बेकार नहीं जाएगी। नेट का पेपर लीक होने की आशंका होते ही केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का तत्काल फैसला लिया है। सरकार पेपर लीक करने वालों को भी खोज निकालेगी। पेपर कैसे लीक हुआ, इसकी पड़ताल जारी है। कोई गुनहगार बच नहीं पाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले की तफ्तीश तेजी से चल रही है। आठ जुलाई को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद उसके आलोक में सरकार कदम उठाएगी। परीक्षा में शुचिता सरकार की प्राथमिकता है और गड़बड़ी करने वाले कितने भी रसूखदार क्यों न हों, उन पर कठोर कार्रवाई होकर रहेगी। श्री मिश्र ने कहा कि नीट में गड़बड़ी करने वाले कौन लोग हैं, इस पर से भी पर्दा धीरे-धीरे उठ रहा है। पेपर लीक करवा कर जिस गेस्ट हाउस में परीक्षार्थियों को ठहराया गया और प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए, उस गेस्ट हाउस का कमरा बुक कराने में किसकी भूमिका थी, इसका भी खुलासा हो चुका है। जल्द ही सभी गुनहगार बेनकाब हो जाएंगे।

# नीट पेपर लीक मामला : सियासत शुरू; भाजपा व जदयू ने नेता प्रतिपक्ष को घेरा, राजद का पलटवार

## सिकंदर-प्रीतम-तेजस्वी के सांठगांठ की हो गहन जांच : विजय

### बोलें- नीट के गिरफ्तार आरोपी के हैं लालू परिवार से घनिष्ठ संबंध



पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है कि नीट पेपरलीक मामले के मुख्य आरोपी सिकंदर कुमार यादवेन्दु का संबंध तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार से है । यही नहीं इस शख्स के घनिष्ठ सम्बंध लालू परिवार से भी हैं। तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्री रहते हुए कनीय अभियंता के रूप में कार्यरत सिकंदर को पहले जल संसाधन विभाग से नगर विकास विभाग लाया गया। फिर नगर विकास विभाग में दानापुर और बिहटा नगरपरिषद के साथ पटना महानगरीय क्षेत्र तक में प्रभार दिया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि उसकी ये तमाम पोस्टिंग तेजस्वी के नगर विकास मंत्री रहते हुए की गई है। ये सारे तथ्य साफ तौर पर इंगित करते हैं कि नीट पेपरलीक के मुख्य आरोपी सिकंदर कुमार यादवेन्दु को तेजस्वी यादव का वरदहस्त प्राप्त था। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि आखिर सिकंदर यादव नामक यह कनीय अभियंता उनकी सत्ता में इतना प्रभावशाली क्यों और कैसे हो गया ? श्री सिन्हा ने आगे कहा कि जब तेजस्वी मंत्री पद पर नहीं थे तब भी उनके आप्त सचिव ने दबाव डाल कर पथनिर्माण विभाग के एक कर्मचारी के माध्यम से एनएचआईबी गेस्टहाउस में सिकंदर यादवेंदु के लिए कमरा बुक कराया। इसी कमरे में सिकंदर के कहने पर नीट फजीवाड़ें में गिरफ्तार हुआ छात्र अनुराग यादव रुका था। श्री सिन्हा ने कहा कि गेस्टहाउस बुकिंग में शामिल पथनिर्माण विभाग के 3 कर्मियों पर कार्रवाई की जा रही है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि राजद का पूरा इकोसिस्टम किस कदर रंगबाजों, जालसाजों एवं दलालों का पोषक और संरक्षक है कि इस पूरे प्रकरण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की जगह ये लोग बेशर्मी के साथ तर्कहीन बातें कर रहे हैं । विद्वता का लबादा ओढ़े राजद के एक अहम राजनीतिक सटोरिया पूरे मामले को जातिगत जहर के रंग में रंगकर बिहार को उन्माद के कहर में झोंकने जुट गए हैं। जबकि यह मामला मेहनत और मेरिट से आगे बढ़ने वाले हर वर्ग, क्षेत्र और संप्रदाय के अभ्यर्थी के भविष्य का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास है । राजद की हमेशा से यह परिपाटी रही है कि सत्ता में रहे तो नियुक्ति में प्रत्यक्ष रूप से अनियमतता करते हैं और सत्ता से बाहर रहे तो जालसाजों को संरक्षण देकर प्रतिभा हनन में भागीदार बनते हैं ।इसलिए राजद के लोग दूसरों पर पत्थर फेंकने के बजाय अपने कांच के घर को सुधारने पर ध्यान दें तो ज्यादा बेहतर होगा।

## बताएं तेजस्वी, नीट परीक्षा को लेकर अबतक चुप क्यों : जदयू



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के विधानपार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा, प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया एवं अजीत पटेल ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने नीट परीक्षा में इओयू के उद्भेदन के बाद गिरफ्तार तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम के रिश्तेदार और जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता सिकंदर यादवेंदु के राजनीतिक रसूख को लेकर सवाल उठाए। मीडिया संबोधन के दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने कुछ अहम सवाल पूछे:

तेजस्वी यादव ये बताएं कि छोटे छोटे मसलों पर प्रतिक्रिया देने वाले आप नीट परीक्षा को लेकर अबतक चुप क्यों हैं? तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम के रिश्तेदार सिकंदर यादवेंदु की नीट परीक्षा में धांधली के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। ऐसे में ये सवाल उठता है कि आपके नगर विकास मंत्री रहते क्या सिकंदर यादवेंदु को बिहटा नगर परिषद, मसौढ़ी नगर परिषद, दानापुर नगर परिषद और पटना महानगर परियोजना में मेट्रो और बुडको का कार्यभार उसे सौंपा गया था? क्या ये सही नहीं है कि जल संसाधन विभाग में कनीय अभियंता सिकंदर यादवेंदु की सेवा अनियमितता में सत्य पाए जाने पर प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग ने उनकी सेवा उनके पैतृक जल संसाधन विभाग में वापस कर दिया था? तो फिर आखिर किसके हस्तक्षेप के बाद सिकंदर यादवेंदु को पुनः नगर विकास विभाग में स्थापित कर बड़ा दायित्व दिया गया?

## नीट पेपर लीक के सरगना के साथ संबंधों का खुलासा करें तेजस्वी : राजीव



पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव को घेरते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि जिस तरह से नीट पेपर घोटाले के सरगना के तेजस्वी यादव से संबंधों पर बातें उठ रही हैं और तेजस्वी के मुंह से इस विषय पर दो बोल नहीं फूट रहे हैं। यहां तक कि हर मौके पर बयान-बहादुर बनने वाले उनके नेता भी इसपर मौन धारण किये हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जरुर है। तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं? उन्हें बताना चाहिए कि सरगना के परिवार के लिए सरकारी गेस्ट हाउस बुक कराने में उनके निजी सचिव का नाम क्यों आ रहा है? उन्होंने कहा कि तेजस्वी और उनकी पार्टी भले इस विषय पर कुछ बोलने से बचे, लेकिन जांच में बाद मामले की सच्चाई बाहर आ ही जाएगी। बिहार सरकार छात्रों के भविष्य से खेलने वाले किसी भी शख्स को माफ नहीं करने वाली। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे भी देश में कोई भी घोटाला होता है तो उसके तार राजद-कांग्रेस जैसे परिवारवादी दलों से जुड़ ही जाते हैं। बिहार में तो इन्होने जानवरों के चारे और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले अलकतरे तक को नहीं बख्शा। अपने राज में इन्होंने पैसे के लिए स्कूटर पर गाय भैंस तक ढूलवा दिया था। इनसे न तो बाढ़ पीड़ितों के भेजी गयी राहत सामग्री बची और न ही खोदी गयी मिट्टी। यहां तक कि इन्हें नौकरी के बदले गरीबों से जमीनें लिखवाने में भी कोई झिझक नहीं हुई। इसीलिए यदि पेपर लीक माफिया के साथ भी इनके संबंध हों तो किसी कोई आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वास्तव में राजद-कांग्रेस जैसे वंशवादियों ने बार-बार यह साबित किया है कि उनके लिए राजनीति सेवा का नहीं बल्कि पैसे छपने का माध्यम है। इन्हें न तो गरीबों के दुःख-दर्द से कोई मतलब है और न ही देश-राज्य के विकास से। निजी स्वार्थ की राजनीति करने वाले इन जैसे दलों के लिए सिर्फ अपने परिवार की संपत्ति बढ़ाना ही एकमात्र लक्ष्य है, इसके लिए जनता को लूटने-खसोटने से भी कोई परहेज नहीं है।

## मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश : मनोज झा



पटना। पेपरलीक मामले में भाजपा व जदयू के आरोपो पर राजद प्रवक्ता मनोज झा ने पलटवार किया है। भाजपा व जदयू के प्रवक्ताओं का कहना है कि तेजस्वी यादव के पीएस द्वारा पेपरलीक कांड के मास्टरमाइंड सिकंदर के लिए गेस्ट हाउस का रुम बुक कराने की बात सामने आई है। इस पर श्री झा ने कहा कि यह सब मीडिया स्टंटहै, इसमेंकिसी प्रकार की कोई सच्चाई नहीं है। राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि यह सब सिर्फ इसलिए किया गया कि ताकि मामले में सारे मुख्य आरोपियों को बचाया जा सके। देश के प्रधानमंत्री इस मामले में चुप हैं। उनकी सरकार ने देश के 25 लाख बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और ध्यान भटकाने के लिए एक झूठी कहानी तैयार की गई है। मनोज झा ने कहा कि बिहार के डिप्टी सीएम कहते हैं कि तेजस्वी यादव के पीएस ने एक लेटर लिखा, जिसके आधार पर गेस्ट हाउस में कमरा बुक किया गया। मैं पूछता हूं कि वह लेटर कहां से आया। हमलोगों के पास तो नहीं है। यह लेटर कहां से आया यह बताने की आवश्यकता नहीं है। यह पूरी साजिश एक काबिल सरकारी अफसर को बदनाम करने के लिए रची गई है। जो सरासर झूठ और पाखंड है। पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लगातार कहते रहे हैं कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। ऐसा कोई सबूत नहीं है। अब परीक्षा रद्द होने के बाद जिन 25 लाख बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। उसके लिए सीधे सीधे देश के शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

मनोज झा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एक्जाम वारियर किताब लिखते हैं। लेकिन वास्तव में वह लीकेज वारियर है। उनकी पूरी सरकार स्कैम पर टिकी हुई है। जिसमें कई बड़े चेहरों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जिसके लिए गेस्ट हाउस के मामले को तूल दिया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार, भाजपा आरक्षण की हिमायती : सम्राट

- वंचितों, पिछड़ों के लिए लड़ती रहेगी भाजपा



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना हाईकोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले को राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। मालूम हो कि एक याचिका पर सुनवाई के बाद पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें जातीय गणना के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का फैसला लिया गया था। श्री चौधरी ने कहा है कि भाजपा के पूर्ण समर्थन से ही सरकार ने जातीय गणना कराने के बाद आरक्षण की सीमा को 50 फीसद से बढ़ाकर 65 फीसद किया था। नीतीश सरकार के इस फैसले के खिलाफ पटना हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। जातीय गणना की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाकर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण 65 फीसद कर दिया था। आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को बिहार में सरकारी नौकरियों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर कोटा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक कर दिया गया था। श्री चौधरी ने कहा कि देश के कतिपय राज्यों खासकर तमिलनाडु में पहले से आरक्षण कोटा में 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक 69 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। बिहार सरकार द्वारा आरक्षण कोटे में की गई बढोत्तरी संविधानसम्मत और न्यायोचित है। उन्होंने कहा कि विधिवेत्ताओं से परामर्श कर राज्य सरकार पूरी तत्परता से पटना हाई कोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। बिहार में कमोबेश सभी समुदायों और वर्गों को संविधान के दायरे में आरक्षण का लाभ दिया गया है। जो वर्ग सामाजिक, शैक्षणिक रूप से आज भी पिछड़ा है, आरक्षण उसका संवैधानिक अधिकार है। भाजपा पूर्ण रूप से आरक्षण की हिमायती है।

# वंचित तबके के साथ हुआ अन्याय, भाजपा आरक्षण विरोधी : माले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने बिहार में महागठबंधन की सरकार द्वारा दलित-वंचित समुदाय के आरक्षण की सीमा को 65 प्रतिशत करने के निर्णय को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने को वंचित समुदाय के प्रति घोर अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि वंचित समुदाय के आरक्षण पर हो रहे संगठित हमले व उसे कमजोर किए जाने के इस दौर में महागठबंधन की सरकार ने जाति आधारित जनगणना के आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी किया था, जो बिल्कुल न्याय संगत था। माले सचिव ने कहा कि भाजपा तो शुरू से ही जाति गणना की विरोधी रही है। बिहार की सत्ता हड़प लेने के बाद वह 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द करवाने के लिए काफी सक्रिय रही है। जाति गणना के खिलाफ उसके ही लोग न्यायालय में गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि 10 प्रतिशत असंवैधानिक सवर्ण आरक्षण को तो हमारी न्याय व्यवस्था ने सही साबित कर दिया लेकिन दलितों- वंचितों के पक्ष में आरक्षण विस्तार को असंवैधानिक बता रही है। यह बहुत हास्यास्पद तर्क है। आज एक बार फिर साबित हो गया है कि जब तक भाजपा है, हमारा संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण खतरे में है। इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ बिहार सरकार से हमारा आग्रह है कि वह तत्काल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाये और दलित-वंचित समुदाय के आरक्षण में हुए विस्तार की रक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए।

# सबूत इकट्ठा कर सुप्रीम कोर्ट जाएगी पार्टी : मनोज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए जाने के नीतीश सरकार के फैसले को पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। जिसके बाद राज्य की सियासत गरमा गई है। राजद ने विरोध दर्ज करते हुए कहा कि पार्टी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी और ज्यादा सबूत इकठ्ठा कर सुप्रीम कोर्ट जाएगी। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के कार्यकाल में आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया था उस पर जो रोक लगी वो दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे फैसले सामाजिक न्याय के मंजिलों को हासिल करने में फासले बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें याद है तमिलनाडु को बहुत वर्ष संघर्ष करना पड़ा था। हम भी करेंगे। मनोज झा ने दावा किया है कि फैसला हमारे पक्ष में ही होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के कार्यकाल में आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया था, उस पर जो रोक लगी वो दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे फैसले सामाजिक न्याय के मंजिलों को हासिल करने में फासले बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें याद है तमिलनाडु को बहुत वर्ष संघर्ष करना पड़ा था। हम भी करेंगे। पर्दे के पीछे से कौन लोग हैं जो ये काम करवाने को उत्सुक हैं। नेता प्रतिपक्ष ने हर सभा में कहा था कि, इसको नौवीं अनुसूची में शामिल करिए, लेकिन ना करने के नतीजे में क्या हासिल हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की सरकार में नीतीश जी का अहम योगदान है ऐसे में आग्रह करेंगे कि वो ऊपरी अदालत में जाएं और अपने बड़ी अबादी के हक को मांगे। ये संघर्ष बड़ा जरूर होगा, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं।

# जदयू सांसद का बयान संसदीय आचरण के विरुद्ध : संजय

पटना। जदयू के सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने बयान में मुस्लिम और यादव समाज पर वोट नहीं देने के कारण उनकी मदद नहीं करने की घोषणा कर समाज में विद्वेष फैलाने का काम किया है। ऐसा बयान लोकतंत्र के तथा संसदीय आचरण के विरुद्ध है और दुर्भाग्यपूर्ण भी। जन सुराज उनके इस बयान की कड़ी निंदा करता है और उनसे वापस लेने की मांग करता है। आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा है कि उनका यह बयान उनकी मनः स्थिति को दर्शाता है और यह प्रमाणित करता है कि जिस तरह राजद पिछले बत्तीस वर्षों से मुसलमान और यादव भाइयों को ठग रहा है ठीक उसी तरह नीतीश कुमार और उनका जनता दल यू अब तक उनके लिए घड़ियाली आंसू ही बहाता रहा है। श्री ठाकुर ने कहा है कि एक सांसद जो देश की एकता और अखंडता की शपथ खाता है तथा जो बिहार विधान परिषद का सभापति जैसे मर्यादित पद पर रहा हो उनसे ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। श्री ठाकुर ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अथवा उनके जदयू की तरफ से ऐसे विवादित बयान पर कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है जो इस बात का प्रमाण है कि जदयू का मौन समर्थन है। श्री ठाकुर ने जारी बयान में कहा है कि जब जदयू राजद के साथ रहता है तब मुस्लिमों के लिए उनका झूठा प्यार उबाल मारते रहता है और जैसे ही पाला बदल कर भाजपा की गोद में खेलने लगता है वैसे ही साम्प्रदायिकता उनकी सोंच बन जाती है। जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा है कि अविलंब जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर को अपना बयान वापस लेते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि चुनाव जीतने के बाद वे किसी जाति- धर्म विशेष के नहीं सभी के सांसद हैं। जदयू नेतृत्व से भी इस पर स्पष्टीकरण की मांग की है।

# मेट्रो रेल के परिचालन से होगा शहरों का विकास : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- बोलें- खेल क्लब के गठन से गांवों तक होगा खेलों का विकास

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कैबिनेट की बैठक में मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो रेल के परिचालन प्रस्ताव के सिद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद कहा कि इससे इन शहरों का विकास होगा तथा जाम से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन शहरों की आबादी बढ़ने के बाद जाम की समस्या बढ़ने लगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि पटना में मेट्रो का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इन चार शहरों में मेट्रो का निर्माण होने के बाद प्रदेश के पांच शहरों में मेट्रो का परिचालन हो सकेगा। भाजपा के अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने आज राज्य के सभी नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में खेल क्लब के गठन हेतु भी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से गांव - गांव तक में खेलों का विकास करने में मदद मिलेगी गांव स्तर के छात्र भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस इसके तराशने की जरूरत है। ऐसे में खेल क्लब के बनने के बाद ऐसी प्रतिभाएं सामने आएंगी। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि सरकार खेलों की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कारगर कदम उठा रही है। इसके तहत खेल विभाग, बिहार, पटना को आवंटित कार्यों के संपादन के लिए खेल विभाग, पटना के सचिवालय एवं निदेशालय स्तर के लिए विभिन्न कोटि के कुल 98 पदों के सृजन को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन भी करें योगाभ्यास : मंगल

- दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम : स्वयं और समाज के लिए योग
- भारत के नेतृत्व से ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हुयी थी शुरूआत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। वहीं स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस उद्देश्य की पूर्ति और स्वास्थ्य लाभ के लिए शुक्रवार 21 जून को राज्य आयुष समिति के तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में प्रातः 5:30 बजे से लेकर सुबह 7:30 बजे तक योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम, स्वयं और समाज के लिए योग रखा गया है। इस दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारी को लेकर कई प्रकार के दिशा-निर्देश दिए गये हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी जिला देसी चिकित्सालय, राजकीय आयुष महाविद्यालयों एवं अस्पतालों, राजकीय तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल, पटना, दस शय्यायुक्त होमियोपैथिक अस्पताल, पटना एवं जी.डी मेमोरियल होमियोपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल, में भी योगाभ्यास किया जाएगा। कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में भी सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चलने वाले योगाभ्यास में आयुष महाविद्यालय सह अस्पताल के शिक्षक, चिकित्सक,कर्मचारी और स्नातकोत्तर एवं स्नातक की छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहेगी।

श्री पांडेय ने कहा कि योग न सिर्फ बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि जीवन को अनुशासित करने के लिए प्रेरित भी करता है। इसलिए आमजनों को भी योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग को सफल बनाने में अपनी भागीदारी अदा करनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्वीकार किया। विश्व भर में पहला योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक जीत थी। इसके बाद से ही प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में युवा प्रदेश कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



पटना। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक के विरोध में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गरीबदास ने कहा शिक्षा विभाग अविलंब नीट परीक्षा को रद्द करे और इसके लिए दोषी एनटीए सहित तमाम माफियाओं पर कारवाई करे। गरीबदास ने कहा नीट जैसी परीक्षाओं में 24 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया और उसका पेपर लीक हुआ दुर्भाग्यपूर्ण है। गरीबदास ने इस दौरान बिहार सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में कोई भी परीक्षा बिना पेपर लीक के नही हो रही है जिस कारण युवा हताश हैं। गरीबदास ने कहा अगर सरकार नीट परीक्षा को रद्द नही करती है तो युवा कांग्रेस इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेगी, उन्होंने युवाओं से 27 जून को दिल्ली में लोकसभा घेराव हेतु दिल्ली चलो का भी आह्वान किया। इस विरोध प्रदर्शन में रजनीकांत पाठक, नीरज झा, प्रिंस कुमार,विकास कुमार झा, अमित सिकन्दर, राहुल पासवान,पूनम यादव, विवेक चौबे मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 14/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./24–25

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या : टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./14/24–25, कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल के 12, 08 व्हीलर और 06, 04 व्हीलर टावर वैगन इंजन की तीन वर्षों के लिए मरम्मत और रखरखाव अनुबंध ('बी', 'सी' और 'डी' चेक) / ए.एम.सी। **कार्य की अनुमानित लागत (मूल्य टी. आई. एन) :** रू. 4,74,62,356.00, **अग्रधन राशि:** रू. 3,87,300.00

**निविदा खुलने एवं जमा करने की तारिख और समय:** निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 12.07.2024 को और उसी दिन 12.30 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदिः** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण डी.ई.ई. (टी.आर.डी.)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0518/डीएनआर/ईटीआरडी/टी/24–25/40


# राज्य के होटल कर्मियों को प्रशिक्षित करेगा पर्यटन विभाग

**इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट बोधगया और हाजीपुर में दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण**

- होटल कर्मचारियों के बीच पर्यटकों के लिए आतिथ्य भाव-सेवा भाव का दिया जाएगा प्रशिक्षण
- आइएचएम बोधगया और हाजीपुर के साथ पर्यटन सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कार्यों और प्रयासों के फलस्वरूप पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय अभिवृद्धि हो रही है। गत वर्ष 2023 ई. में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या अबतक के इतिहास में सर्वाधिक रही है। पर्यटकों के आगमन का नया रिकार्ड बना है। पहली बार राज्य में घूमने वाले पर्यटकों का आंकड़ा आठ करोड़ के पार गया है। पिछले साल 2023 में कुल आठ करोड़ 21 लाख 32 हजार 277 पर्यटकों ने बिहार भ्रमण किया था। इनमें आठ करोड़ 15 लाख 85 हजार 701 देसी पर्यटक रहे। विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या पांच लाख 46 हजार 576 रही। इसके पहले सर्वाधिक 3 करोड़ 50 लाख पर्यटक कोरोना काल से पहले वर्ष 2019 में आए थे। चालू वर्ष की पहली तिमाही में मार्च तक कुल 1.18 करोड़ पर्यटक बिहार पहुंच चुके हैं। पर्यटकों को राज्य के पर्यटन स्थलों पर सुखद अनुभूति हो, उन्हें होटलों में आवासन के मध्य बेहतर आतिथ्य और सेवा भाव प्राप्त हो, इसके लिए पर्यटन विभाग ने राज्य के होटल उद्योग से जुड़े कर्मचारियों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, बोधगया और इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, हाजीपुर में राज्य में होटल व्यवसाय से जुड़े कर्मचारियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आइएचएम बोधगया और हाजीपुर के शासी निकाय के पदाधिकारियों के साथ पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य में होटल कर्मचारियों के बीच आतिथ्य भाव विकसित हो, उनमें पर्यटकों के लिए सेवा भाव का आत्मबोध हो इस हेतु यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। सबसे पहले गया और बोधगया के होटल कर्मियों को प्रशिक्षण देने से इस सत्र की शुरूआत की जाएगी। पर्यटन सचिव ने पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय को निदेश देते हुए कहा है कि वे यथाशीघ्र गया व बोधगया के होटल व्यवसायियों के साथ एक बैठक कर उनसे कर्मचारियों की सूची प्राप्त करते हुए आइएचएम बोधगया में प्रशिक्षण की शुरूआत कराएं। प्रशिक्षणार्थियों के कार्य को देखते हुए उनके लिए लघु और दीर्घ कोर्स का निर्धारण करते हुए प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत की जाए। पर्यटन सचिव ने आह्वान किया है कि यदि राज्य के किसी भी हिस्से में कोई भी होटल व्यवसायी अपने कर्मचारियों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिलवाना चाहते हैं तो वे शीघ्र पर्यटन निदेशक कार्यालय, पुराना सचिवालय, पटना में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। बैठक में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम नंद किशोर, निदेशक विनय कुमार राय, आइएचएम बोधगया के प्राचार्य श्री धीमन बनर्जी, आइएचएम हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मर्म-स्पर्शी गीतकार और प्रणम्य कथाकार थे पं विलास बिहारी झा

**स्मृति-पर्व पर साहित्य सम्मेलन ने किया स्मरण, दिया जाएगा स्मृति-मान**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



### आयोजित हुई कवि-गोष्ठी

कथा-साहित्य एवं पद्य में समान अधिकार रखने वाले मनीषी विद्वान पं विलास बिहारी झा एक अत्यंत मर्म-स्पर्शी गीतकार और बाल-साहित्य के प्रणम्य साहित्यकार थे। अपने सुदीर्घ जीवन का सर्वाधिक भाग उन्होंने साहित्य की सेवा में अर्पित किया। यश की लिप्सा से दूर रहे, इसलिए अपेक्षित सम्मान उन्हें नहीं दिया जा सका। साहित्य सम्मेलन इस वर्ष से उनकी स्मृति में एक नामित सम्मान आरंभ करेगा, जो बाल साहित्य में मूल्यवान कार्य करने वाले किसी योग्य हिन्दी-सेवी को प्रदान किया जाएगा। यह बातें शुक्रवार को, पं झा के पुण्य-स्मृति-दिवस के अवसर पर, साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। समारोह के मुख्य अतिथि और दूरदर्शन, बिहार के कार्यक्रम प्रमुख डा राज कुमार नाहर ने कहा कि विलास बिहारी जी एक बैंक अधिकारी थे। फिर भी उन्होंने जिस प्रकार से साहित्य की सेवा की, वह चकित करती है। उनका कथा-साहित्य ही नहीं उनके गीत भी मोहक हैं। देहरादून से पधारी वरिष्ठ साहित्यकार और समारोह की विशिष्ट अतिथि डा रंजीता सिंह फलक ने कहा कि विलास बिहारी झा जैसे कवियों को स्मरण करना देवताओं की पूजा की तरह है। उनकी पुत्री निभा चौधरी अपने पिता की स्मृति को जीवित रखने की चेष्टा कर रही हैं, यह सराहनीय है। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, कुमार अनुपम , डा पूनम आनन्द, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, विभा रानी श्रीवास्तव, डा अर्चना त्रिपाठी, नीता सहाय, मीरा श्रीवास्तव, आशा रघुदेव, रौली कुमारी, सुनीता रंजन, विनोद कुमार झा, सत्य प्रकाश आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के संरक्षक सदस्य ई अवध बिहारी सिंह, डा चंद्रशेखर आजाद, संजय कुमार, प्रियंका सिंह, श्याम मनोहर मिश्र, डा प्रेम प्रकाश, अमन वर्मा, विनय चंद्र, राणा सिंह, विजय कुमार दिवाकर , दिगम्बर जायसवाल, सिकंदरे आजम, विजय कुमार आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।


**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।**

**पुनः निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 वर्ष–2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 16.07.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.07.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18.07.2024 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना एवं जिला नियंत्रण कक्ष, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Replacement & Patch Work to E.I. in Ware House of VVPAT (Capacity 21000 VVPAT) Phulwarisharif, Patna | 9,82,363.00 | 19,700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Replacement & Patch work to E.I. in EVM Godown at Phulwarisharif, Patna. | 7,50,930.00 | 15,100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Remodaling of E/W & E/I in Room No. 297 & 299 at first floor in old Sectt, Patna. | 11,84,562.00 | 23,700.00 | 2500.00 | 15 Days |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 002202 ( B C D ) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण की जगह भूलवश शेयर हाउस हो गया

मुजफ्फरपुर।सिकंदरपुर स्थित इवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी एवं एसएसपी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।उक्त अवसर पर विभिन्न मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष,सचिव , प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ साथ, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, इवीएम नोडल अधिकारी सह डायरेक्टर डीआरडीए, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी, अभियंता ,भवन प्रमंडल, विद्युत , अग्निशमन अधिकारी आदि के साथ साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### छः व्यक्तियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत अलग अलग जगहों से कई कांडों में अलग अलग मामले से कुल 06 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।वही थाना क्षेत्र के मिठौली गांव निवासी बेचान सिंह के पुत्र संजीत सिंह,राकेश सिंह, तथा रहिका से पिता पुत्र रामखेलावन यादव के पुत्र विनोद यादव , विनोद यादव के पुत्र चंदन यादव को मारपीट मामले में तथा शराब मामले में फरार अभियुक्त सीमा गांव निवासी मनोहर मुखिया के पुत्र पलट मुखिया,सुगौना गांव निवासी बबलू यादव के पुत्र मदन यादव जो दोनों शराब के कांड में फरार चल रहा था।रहिका थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस बल के द्वारा समकालीन अभियान के तहत अलग-अलग जगहो से कांड में फरार सभी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

### बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि अभिलंब बढ़ाए राजभवन : आइसा

दरभंगा।बिहार में बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाने को लेकर आज आइसा के द्वारा महामहिम कुलाधिपति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग की गई। आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार और राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने राज भवन जाकर महामहिम के कार्यालय में ज्ञापन रिसीव कराया है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है की बिहार में बीएड प्रवेश के लिए तिथि नोडल वि वि द्वारा दिनांक 25 जून 2024 तय किया गया है। ठीक उसी दिन 25 जून को राष्ट्रीय स्तर पर नेट सीएसआईआर की परीक्षा भी आयोजित हैं। दोनो परीक्षा एक डेट में होने से छात्र - छात्राओं के बीच संशय का स्थिति उत्पन्न हो गया है। परीक्षा के लिए चयनित नोडल वि वि के कुलपति महोदय को इस संदर्भ में स्थानीय छात्र नेताओं के द्वारा बताया गया लेकिन उन्होंने डेट बढ़ाने से इंकार कर दिया।

### आज होगा ललित पार्क में योग वर्ग का आयोजन

दरभंगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से योग अभ्यास वर्ग का आयोजन 21 जून , शुक्रवार को प्रातः 6 बजे, ललित पार्क में होना सुनिश्चित किया गया है। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने भारतीय संस्कृति व दर्शन में योग के अवदान के महत्व को समझते हुए अपने कुशल नेतृत्व में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करना तय किया है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, कॉलेज के प्रधानाचार्य, कर्मचारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. विनोद कुमार बैठा ने अभिषद और अधिषद सदस्यों को विशेष रूप से भाग लेने के लिए अनुरोध किया है।

### एसडीओ ने की बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर एसडीओ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें उन्होंने पंचायत सरकार भवन नल जल स्वास्थ्य पशुपालन करषि सहित सभी कार्यों की समीक्षा किया गया। बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा के साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने आरटीपीएस काउंटर प्रखंड और अंचल कार्यालय एवं पीएचसी का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ देवेंद्र कुमार, सीओ शशि रंजन कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉक्टर बीके ठाकुर सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# विद्यालयों की जांच के लिए जिलाधिकारी ने किया 16 टीमों का गठन

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। विद्यालयों का नियमित रूप से सुचारू संचालन कराने तथा सरकार के मानदंड के अनुरूप योजनाओं का जवाबदेही से गुणवतापूर्ण एवं ससमय क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य की नियमित निगरानी, निरीक्षण एवं समीक्षा कर प्रगति लाने तथा कार्य की गुणवता बहाल रखने का सख्त निर्देश दिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने विद्यालयों की पुरानी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा प्रगति की सतत मॉनिटरिंग कर कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं निदेशक, डी.आर.डी.ए. को दिया। साथ ही विद्यालयों में बालिका शौचालय, बालक शौचालय, बोरिंग लगाने, विद्युतीकरण, पंखा लगाने, बेंच-डेस्क आदि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निदेशक, डी.आर.डी.ए. को कार्य की नियमित समीक्षा कर प्रगति लाने तथा पूर्ण कराने एवं 15 दिनों के बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने, जबावदेही सुनिश्चित करने तथा कार्य की गुणवता कायम रखने हेतु जिला स्तर पर 16 टीम का गठन कर सभी प्रखण्ड अन्तर्गत विद्यालयों की जांच कराने का निर्देश दिया, जिसमें प्रत्येक टीम में प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा एक सहायक अभियंता शामिल रहेंगे। इस टीम के द्वारा विद्यालयों में आधारभूत संरचना के तहत किए गए कार्यों तथा उसकी गुणवता की जांच की जाएगी। टीम द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा नियमानुसार विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में योजनाओं के क्रियान्वयन के कार्य में पारदर्शिता लाने तथा सार्वजनिक करने हेतु उस विद्यालय में शिलापट्ट,सूचनापट्ट लगाने को कहा, जिसपर योजना का नाम, लागत राशि, कार्य प्रारंभ की तिथि, कार्य समाप्ति की तिथि अंकित करने का निर्देश दिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालयों में बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने को कहा। इसके लिए न केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने वल्कि पानी की गुणवता की जांच हेतु पी.एच.ई.डी. को पानी का सैम्पल उपलब्ध कराने को कहा ताकि बच्चों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से समन्वय स्थापित कर विद्यालय के निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा वरीय पदाधिकारी को वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा। उन्होंने विद्यालय का अभिलेख संधारित करने, विभागीय निदेश के आलोक में विद्यालय में अंकेक्षण कराने को कहा।जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। मार्च से मई तक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने न्यूनतम उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में आवश्यक उपस्कर (बेंच-डेस्क), टूटे हुए उपस्कर की मरम्मती, प्रयोगशाला, पुस्तकालय की उपलब्धता, विद्यालय की चहारदीवारी, खेल मैदान, बिजली कनेक्शन, बल्व, पंखा, विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण, बच्चों की उपस्थिति आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया।

# महिला विकास मंच अब नेपाल में करने जा रही है संगठन विस्तार

**राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी सहित कई सदस्य नेपाल रवाना, संगठन विस्तार का कार्य जारी**




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारत में महिलाओं के खिलाफ हो रहे हिंसा के विरुद्ध प्रखर एवं मुखर आवाज और महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत अग्रणी संस्था महिला विकास मंच ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। दरअसल,संस्था की कोर कमेटी ने भारत के बाद अब नेपाल में भी संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में महिला विकास मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी काठमांडू नेपाल के लिए रवाना हुई है। नेपाल में महिलाओं के हक में आवाज उठाने एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए महिला विकास मंच अब नेपाल में भी संगठन विस्तार करने जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही नेपाल के कई हिस्सों में महिला विकास मंच अपने मजबूत टीम का गठन करेगी और साथ ही नेपाल में भी महिलाओं के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेगी।गौरतलब है कि, भारत- नेपाल के बीच बेटी-रोटी एवं सांस्कृतिक आदान- प्रदान का संबंध है और ऐसे में यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। महिला विकास मंच के बिहार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं मधुबनी जिला अध्यक्ष दीपशिखा सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कई बार भारत में घटित किसी मामले का तार नेपाल से जुड़ा होता था और ऐसे में संगठन को नेपाल में भी अपने प्रतिनिधि की आवश्यकता थी। साथ ही भारत-नेपाल के बीच बेटी- रोटी का संबंध होने के कारण मधुबनी , जयनगर एवं अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी संख्या में भारतीय लोगों एवं नेपाल के लोगों के बीच विवाह संबंध और पारिवारिक संबंध है। तो इन तमाम चीजों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है और अब जल्द ही नेपाल में भी महिला विकास मंच एक मजबूत टीम तैयार कर महिलाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ेगी।

# नही रहे समाजसेवी शिवजी यादव, उनके निधन पर लोगों ने जताया शोक



प्रात : किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)। जन सुराज अनुमंडल कार्यालय बिरौल में जन सुराज के जिला अध्यक्ष बिल्टू सहनी, सभापति सुरेंद्र मोहन की संयुक्त अध्यक्षता में जन सुराज जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा के नेतृत्व में स्वर्गीय शिवजी प्रसाद यादव के निधन पर उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारन कर शोक मनाया गया । जिला अध्यक्ष बिल्टु सहनी ने अपने संबोधन ने कहा कि शिवजी प्रसाद यादव एक राजनीतिक व्यक्ति के रूप में स्वच्छ सभी के रूप में जाने जाते थे और सभी लोगों के दिलों में समाए हुए थे। जिला सभापति प्रो सुरेंद्र मोहन यादव ने कहा कि स्वर्गीय यादव एक कुशल व्यक्तित्व के साथ-साथ स्वच्छ छबि के व्यक्ति थे । जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा ने कहा कि स्वर्गीय शिवजी प्रसाद यादव जीवन भर लोगों के सेवा में लगे रहे और एक सच्चे सिपाही बनकर जिस पार्टी में रहे ईमानदारी पूर्वक काम किए । उनका काम बिरौल अनुमंडल ही नहीं पूरे जिला वासियों को याद हमेशा आता रहेगा। इस अवसर पर पी के यूथ क्लब प्रखंड संयोजक अंगज कुमार यादव, जन सुराजी अमर कांत झा, पंचायत अध्यक्ष बोल बम सिंह, राघव चौधरी, पंकज कुमार झा, रमा शंकर इत्यादि उपस्थित हुए।

# आधे अधूरे सड़क निर्माण को पूरा करने की मांग



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम के काशीपुर वार्ड नंबर 32 में निगम के द्वारा मात्र 10 मीटर रोड ढलाई कर छोड़ दिया गया है और बाकी सड़क को ढलाई के नाम पर तोड़कर जीर्णशीर्ण अवस्था में छोड़ दिया गया है। इससे मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने नगर आयुक्त को आवेदन देकर अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए, जल्द से जल्द सड़क कराए जाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि बारिश के मौसम में सड़क को तोड़कर आधा अधूरा सड़क निर्माण कर छोड़ दिए जाने के कारण मोहल्ले में जल जमाव की समस्या उत्पन्न होगी। आधे अधूरे सड़क निर्माण के कारण लोगों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में गिरनन्दन ठाकुर, अजय कुमार, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, नितेश कुमार त्रियार, रजनी कुमारी व प्रवीण कुमार आदि ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण को पूर्ण करने की मांग की है।

# धान खरीद नहीं करने वाले 10 पैक्सों पर डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बीते बर्ष धान की खरीद नहीं करने वाले पैक्सों की जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया है। डीएम की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति की बैठक में यह निर्देश दिया गया। श्रम विभाग के द्वारा प्रवासी मजदूर की सूची उपलब्ध कराई गई है, जिसका नियमानुसार सत्यापन कर रशन कार्ड निर्गत किया जाना था। बैठक में अवगत कराया गया कि इस कार्य में लगभग 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। ई.के.वाईसी. की समीक्षा में पाया गया कि 94 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने तथा एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। खाद्यान्न के उठाव क समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने भण्डार निर्गमादेश के अनुरूप शत-प्रतिशत उठाव करते हुए पर्ण वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य ट्रांसपोर्टर एवं डी. एस.ड.ट्रासपोर्टर को एकरारनामा के अनुसार वाहन रखने का निर्देश दिया गया ताकि लिफ्टिंग एवं उठाव का कार्य तेजी से हो। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को पी.डी.एस. डीलर का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने लोक शिकायत, मुख्यमंत्री जनता दरबार तथा अन्य श्रोत से प्राप्त परिवाद पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि धान अधिप्राप्ति करनेवाले 10 पैक्स के द्वारा शून्य सी.एम.आर. दिया गया है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को वैसे 10 पैक्स की जांच करने तथा दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को शून्य सी.एम.आर. आपूर्ति करनेवाले समितियों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज करने को कहा। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम सुभाष कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी ललन कुमार शर्मा, सभी प्रखण्डों के सहायक गोदाम प्रबंधक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

# मानसून ने किया बिहार में प्रवेश, 21-25 जून तक उत्तर बिहार में भारी बारिश की संभावना

**● मेघ गर्जन व वज्रपात के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा, तापमान में-2-3 डिग्री की हो सकती गिरावट**

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मौसम विभाग के अनुसार 20 जून को बिहार में मानसून का प्रवेश हो चुका है। आने वाले कुछ दिनों में धीरे-धीरे इसके पूरे बिहार में सक्रिय हो जाने की संभावना है। इससे भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी व सारण जिलों के एक-दो स्थानों पर 21 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं इसके अलावा अन्य जिलों के एक-दो स्थानों पर बारिश के साथ-साथ मेघ गर्जन व वज्रपात के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। वहीं 21 जून से 25 जून के बीच उत्तर मध्य बिहार के मु जफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी व वैशाली एवं उत्तर पश्चिम बिहार के पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, सारण, गोपालगंज व सिवान जिले के अनेक स्थानों पर बारिश होने की संभावना प्रबल बनी हुई है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं 23 जून से इन जिलों के तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जारी 19 से 23 जून तक का मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 21 जून को उत्तर बिहार के जिलों के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। उसके बाद वर्षा की सक्रियता में हल्की वृद्धि हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 26-29 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 20 से 25 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 89 फीसदी व दोपहर में 62 फीसदी रहा। इस दौरान 7.2 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चली। वहीं गुरुवार को बीते 24 घंटों के दौरान .6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन को प्रथम चयन सूची जारी



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीबीसीएस स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठा सत्र 2024-2028 के नामांकन हेतु प्रथम चयन सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी है। चयन सूची के अनुसार नामांकन 24 जून से 4 जुलाई तक लिया जाएगा। छात्र व छात्राएं अपना यूजर आई. डी. एवं पासवर्ड द्वारा लॉगइन कर अपना चयन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।प्रथम सूची के छात्रों के नामांकन के उपरांत यदि सीट रिक्त रह जाती है, तो रिक्त सीटों को विषयवार एवं कोटिवार विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची भी प्रकाशित की जा सकती है। अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो विजय कुमार यादव ने बताया कि कुल 1 लाख 31 हजार 380 छात्र,छात्राओं का चयन चार-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में हुआ है। प्रो. यादव ने कहा कि कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में इतनी बड़ी संख्या में नामांकन के लिए विद्यार्थियों की चयन सूची जारी की गई है। प्रो. चौधरी के दिशा- निर्देश में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए स्नातक सत्र के नामांकन में पारदर्शिता लाने व अनियमितता को रोकने के लिए प्रत्येक जिला में एक नोडल पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। ध्यातव्य हो, किसी भी छात्र और छात्रा से ऑनलाइन आवेदन करते समय मेजर विषय, आरक्षण कोटि एवं लिंग को छोड़कर अन्य किसी प्रकार की त्रुटि हुई हो तो, नामांकन के समय कॉलेज के प्रधानाचार्य को आवेदन देकर सुधार करा सकते हैं।

## साहरघाट थाना क्षेत्र की एक गांव की महिला ने कई सारे आरोप लगाकर किया कोर्ट में परिवाद दायर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी साहरघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बेनीपट्टी के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के यहां परिवाद दायर करते हुए कहा कि मेरा शादी वर्ष 2012 में हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ। कुछ दिन तक सब कुछ ठीक ठाक चला, इसके बाद मेरे ससुर साहरघाट थाना क्षेत्र के केरवा गांव निवासी ईश्वरदेव यादव, सास सुनीता देवी, लगातार मुझे प्रताड़ित कर रहा था, और मुझे पैसा लाने को बराबर कहता था। नहीं लाने पर बराबर मारपीट करता था। इसी बीच मनोज कुमार यादव बुरी नीयत से लोक लज्जा कर दिया, इसी दौरान सचिन यादव ने गले से मंगलसूत्र सोने का चैन खींच लिया, और सुनीता देवी अपने हाथ में लिए किराशन तेल शरीर पर रख दिया। शोरगुल होने पर जब अगल-बगल के लोग दौड़े तो मैं जान बचाकर वहां से भागी। पीड़ित महिला का यह भी आरोप है मेरा पति साहरघाट से आया तो उसे भी यह लोग मारपीट किया। डायल 112 नंबर पुलिस को फोन कर सूचना दिये, तो घटनास्थल में पहुंचकर फोटो लिया और थाने पर आने को कहा। थाने पर गई तो डांट फटकार कर भगा दिया। गांव के यह लोग दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं। साहरघाट थाना पुलिस को कई बार आवेदन दिए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किए, और ना ही घटनास्थल पर पहुंचे। साहरघाट थाना पर जब जाती हूं तो अभद्र भाषा व गाली गलौज कर भगा देता है। महिला ने कोर्ट में परिवार दायर करते हुए पुलिस पर भी कई सारे आरोप लगाई हैं। महिला ने कई सारे आरोप लगाए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

## मृतक के परिजनों को बीडीओ व सीओ ने दिया सहायता राशि का चेक

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।अग्नि कांड से पीड़ित एवं बाढ़ के पानी मे डूबने से हुई मौत मामले में मृतक के परिजन को सीओ गोपाल पासवान एवं बीडीओ किशोर कुमार ने संयुक्त रूप से चेक दिया। प्राप्तजानकारी के अनुसार केवटगामा पंचायत के दिघीयापर के मृतक देव कुमार की मां संगीता कुमारी, रामपुर रौता के मृतक ललन पंडित की मां रामदाई देवी, आयुष कुमार की मां काजल देवी तथा अमित कुमार के आश्रित मंजू कुमारी को सहायता राशि का चार-चार लाख रुपए का चेक दिया। बता दे की उक्त मृतक को विगत 3 वर्षों से अलग-अलग तिथि में डूबने से मौत हुई थी जिनके आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली सहायता राशि का विभिन्न कारणों से लंबित था जिसे मंगलवार को सीओ श्री पासवान एवं बीडीओ श्री कुमार ने कार्यालय कक्ष में चेक दिया है। वही दूसरी ओर अग्निकांड से पीड़ित परिवार फकदोलिया गांव निवासी आशा देवी को 12000 हजार का सहायता राशि का चेक सीओ ने दिया। मौके पर केवटगामा पंचायत के सरपंच बबन दास सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंतर जिला अनाज चोर गिरोह का पुलिस ने किया उद्भेदन

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। गोदाम तोड़कर अनाज गायब करने वाला गिरोह का दरभंगा जिला में भी पांव फैलाने का प्रयास पुलिस ने विफल किया। बहेड़ा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर भट्ठा मोड़ के पास 16 जून की दस बजे रात्र में अनाज चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 25 अपराधियों में से सात पकड़ा गया। शेष पुलिस को देख फरार हो गया। ईट भट्ठा कल्याणपुर के मुंसी सज्जन पासवान आदि ने बताया कि रात में भट्ठा की निगरानी करने के लिए भट्ठा पर रहता हूँ। उन्हों ने बताया कि फतुलाहा के चीनीलाल शर्मा की बाइक की ठोकर से हुई मौत की घटना की जांच करने बहेड़ा थाना पुलिस आई थी। वापसी में कल्याणपुर भट्ठा मोड़ के पास पुलिस को देख कर दो ट्रक एवं एक स्कॉर्पियो पर सवार लगभग 25 अपराधकर्मी भागने लगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उन्हें खदेड़कर सात अपराधियों को पकड़ लिया तथा दो ट्रक, एक स्कॉर्पियो, एक देशी लोडेड कट्टा, एक लाख रुपये तथा सात मोबाइल फोन जब्त किया। एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि नवादा जिला में करीब डेढ़ माह पूर्व कई एसएफसी गोदाम का ताला तोड़कर अनाज चोर गिरोह ने गोदाम से अनाज चोरी किया था। उन्होंने बताया कि अनाज चोर गिरोह अपने साथ बड़ा ट्रक, स्कॉर्पियो और अवैध हथियार से लैस होकर घटना को अंजाम देता है। दरभंगा जिला में पहली बार अनाज चोर गिरोह कल्याणपुर राइस मिल को अपना लक्ष बनाकर घटना को अंजाम देने वाला था, लेकिन पुलिस की सक्रियता से उनके नापाक इरादे पर पानी फीर गया। राइस मिल संचालक शशिभूषण कुमार ने बताया कि दो हजार बोड़ा उसना चावल उनके गोदाम में है। पुलिस की सक्रियता के कारण चावल चोरी होने से बच गया।

## ज्वेलरी से भरा बैग लेकर फरार मामले की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, प्रात : किरणसं वाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूतेश्वर चौक से बाइक सवार दो की संख्या में आए बदमाशों ने ज्वेलरी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर आलमपुर पहाड़पुर निवासी मोतीलाल महतो के पुत्र राकेश कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें बताया है कि मेरा भूतेश्वर चौक स्थित आशा ज्वेलर्स नामक दुकान है। मैं प्रतिदिन दुकान की ज्वेलरी रात में बंद करते समय बैग में लेकर घर चला जाता हूं और सुबह साथ में लेकर आता हूं। 19 जून बुधवार की सुबह मैं बैग लेकर दुकान खोलने आया। बैक को दुकान के आगे चौकी पर रखा और ताला खोलने लगा। किसी कारणवश ताला नहीं खुला और पीछे मुड़कर देखा तो काले रंग के बाइक पर सवार दो की संख्या में युवक मेरा ज्वेलरी से भरा बैग लेकर भाग रहा था। मैं शोर मचाते हैं उसके पीछे दौड़ा। लेकिन वह बैग लेकर भागने में सफल रहा। मेरे बैग में 100 ग्राम सोने का ज्वेलरी, 2 किलो 250 ग्राम चांदी का ज्वेलरी एवं पांच हजार नगद था। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण उसका नंबर नहीं देखा पाया। घटना की सारी वारदात आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की तहकीकात जारी है।

## बिजली चोरी के आरोप में रिटायर्ड पुलिसकर्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर समस्तीपुर जिले में इन दिनों विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी है। इसी क्रम में बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल समस्तीपुर के अंतर्गत कल्याणपुर थाना क्षेत्र के परतापुर वार्ड नंबर 9, में एक भूतपूर्व अवर निरीक्षक बिहार पुलिस के आवासीय परिसर में गठित टीम के द्वारा छापेमारी किया गया। जिसका नेतृत्व विद्युत अधीक्षण अभियंता एसटीएफ चंद्रशेखर कुमार कर रहे थे। साथ ही साथ प्रमंडल अंतर्गत प्रशाखा मथुरापुर, कल्याणपुर, वारिसनगर, चकमेहसी, खानपुर एवं समस्तीपुर शहरी के कनीय विद्युत अभियंतागन एवं अन्य विभाग के कर्मी मौजूद थे। छापेमारी टीम के द्वारा भूतपूर्व अवर निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद के परिसर में बड़े पैमाने पर विद्युत उर्जा चोरी पकड़ी गई। जिसमें श्री प्रसाद के द्वारा एक किलो वाट का विद्युत संबंध लेकर मीटर बाई पास कर 8 किलो वाट मे विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिसके लिए दो लाख 61 हजार 981 रुपए अभियुक्त श्री प्रसाद के विरुद्ध अधिरोपित कर विधुत ऊर्जा चोरी हेतु प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कनीय विधुत अभियंता मथुरापुर, अविनाश कुमार सिंह के द्वारा कल्याणपुर थाना समस्तीपुर को आवेदन दिया गया है। जिस पर अग्रसर कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रत्येक बुधवार को शिक्षकों के लिए लगेगा जनता दरबार

जमुई/गिद्धौर ।शिक्षकों की समस्याओं का समाधान के लिए अब शिक्षा विभाग द्धारा प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार लगाया जाएगा। विभाग के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में लगातार शिकायतें मिल रही है ।जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ।मुख्यालय तक ऐसी भी शिकायतें पहुंच रही थी जिसका जिले में ही समाधान हो सकता है ।डीईओ राजेश कुमार ने बताया कि सभी बीईओ को प्रत्येक बुधवार को अपराह्न 4 से 5 बजे तक शिक्षकों का जनता दरबार के आयोजन का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि यदि प्रखंड स्तर पर समस्या का समाधान संभव है तो अभिलंब उन समस्याओं का समाधान करें ।अगर प्रखंड स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो उसे जिला स्तर पर भेजें। ताकि समस्या का समाधान समय पर किया जा सके।

### बुद्धिजीवियों के द्वारा जल्द ही पेड़ पौधा लगाने को लेकर किया जाएगा सराहनीय कार्य

जमुई [ झाझा ] इस बार की भीषण गर्मी को देखते हुए झाझावासियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल्द ही सराहनीय कदम उठाने का पहल करने में जुटने वाले है। झाझा के कुछ बुद्धिजीवियों ने इस बार नगरक्षेत्र में पौधारोपण करने का निर्णय है ताकि पर्यावरण संरक्षित रह सके। जानकारी देते हुए सोनू बरनवाल ने बताया कि जिस तरह से गर्मी का प्रकोप प्रत्येक साल बढ़ रहा है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अगर धरती से पेड़ पौधा खत्म हो जाए तो आने वाले वर्षो में लोग इससे भी भीषण गर्मी का सामना कर सकते है। इसलिए इस बारिश के मौसम में झाझा नगरक्षेत्र में पौधा रोपण का एक मुहिम चलाया जाएगा ताकि हर जगहों पर अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाया जाए। उन्होनें आगे बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोग पेड़ पौधा अवश्य लगाए ।उन्होनें कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने वाला है इसलिए इस मुहिम की शुरूआत कर दी जाएगी। इस मुहिम में लोग जुड़कर इस सराहनीय कार्य को आगे बढ़ाये।

### बैंक से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए आज होगी बैंक में ग्राहकों के साथ बैठक

जमुई [ झाझा ] बैंक ग्राहकों को बैंक से जुड़ी जानकारी, जालसाझों से सावधान रहने की जानकारी सहित अन्य कई बिंदुओं को लेकर शुक्रवार को शहर स्थित एसबीआई शाखा में ग्राहकों के बीच एक बैठक आयोजित कि जाएगी। जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक डॉक्टर जीपी सिंह ने बताया कि बैठक में बैंक ग्राहकों को कई तरह की जानकारी दी जाएगी ताकि वे बैंक में अपना कामकाज को अच्छी तरीके से समझ सके साथ ही आजकल साइबर अपराधी बैंक ग्राहकों को बैंक से जुड़ी बाते करके उन्हे अपने जाल में फंसाकर उसके खाते से अवैध राशि की निकासी कर लेते है तो ऐसे में बैंक ग्राहकों को बचने के लिए जानकारी दी जाएगी।

# नव निर्वाचित सांसद ने दिशा की बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## जिले में पानी की समस्या पर विभागीय अधिकारियों को लगाई फटकार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिला समाहरणालय में अवस्थित संवाद कक्ष में गुरुवार 20 जून को नव निर्वाचित सांसद अरुण भारती की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति ह्वदिशाह्व की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जमुई विधायक सुश्री श्रेयेशी सिंह, सिकन्दरा विधायक प्रफुल्ल मांझी, जिलाधिकारी राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,अपर समाहर्ता सुभाष मंडल, नगर परिषद अध्यक्ष लोलो मियां एवं अन्य पदाधिकारी मंचासीन थे।

जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में नव निर्वाचित सांसद अरुण भारती को जिलाधिकारी राकेश कुमार ने बुकें देकर स्वागत किया।

तत्पश्चात विभागीय अधिकारियों का परिचय देते हुए दिशा की बैठक को गति प्रदान की गई।

विभागीय समीक्षा के क्रम में पथ निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,बाल विकास परियोजना, खाद्य आपूर्ति, कृषि,खनन विभाग, भू-अर्जन, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, भवन निर्माण विभाग के साथ ही साथ जिले के विधि व्यवस्था के बारे में क्रमवद्ध विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वहीं सांसद अरुण भारती ने जिले पेयजल आपूर्ति पर नाराजगी जताई। विभागीय अधिकारियों सख्त निर्देश दिए कि वैसे जगहों को चिन्हित करें जहां पानी पीने की विकट समस्या उत्पन्न होती है। सभी पंचायतों में हर घर नल का जल क्रियान्वित करने का निर्देश दिए। कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं। वहीं पेयजल की समस्या को देखते हुए खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि मानक के अनुसार बालू घाटों से बालू का उठाव सुनिश्चित करें अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहें।

# चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर बैठक



बैठक करते जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर सदस्यों की बैठक जिलाध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी उर्फ शंभू चौधरी की अध्यक्षता में जय शगुन वाटिका विवाह भवन के परिसर में हुई। इस दौरान चलो कलेक्ट्रेट अभियान को सफल बनाने को लेकर शहर के सभी मुख्य मुख्य स्थलों पर बैनर लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को लेकर जमुई, झाझा और सिकंदरा नगर समेत पूरे जिले के लोगों के बीच पंपलेट का वितरण करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन का विस्तार करके अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और दायित्व देने को लेकर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने एक स्वर से कहा पूरे देश में हम दो और सबके दो बच्चों की प्रवृत्ति को लागू करने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून संसद में पारित होना आवश्यक है। इस कानून को पारित करने के लिए पूरे देश में जन समर्थन जुटाने को लेकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। चलो कलेक्ट्रेट अभियान की सफलता को लेकर 17 जून को जूम मीट के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में दक्षिण बिहार क्षेत्र के जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी की बैठक की जा चुकी है। सभी लोग इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग करके इसे सफल बनाने का काम करें, क्योंकि यह राष्ट्रहित में बहुत ही आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश सहसंयोजक शंकर प्रसाद साह, डॉ विभूति भूषण, रॉकी श्रवण, डॉ राजेश कुमार, बलवंत कुमार सिंह,दिलीप मालाकार, शुभम कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# जय नंदन यादव बने नगर परिषद का युवा राजद अध्यक्ष, दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष अनिता कुमारी द्वारा उदाकिशुनगंज नप निवासी जयनंदन यादव को नगर परिषद उदाकिशुनगंज के युवा राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव उदाकिशुनगंज, युवा राजद प्रधान महासचिव संजीव कुमार, प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र राम आदि ने संयुक्त रूप से जय नंदन यादव को मनोनयन पत्र सौंपा। जिला अध्यक्ष अनिता कुमारी ने आशा जताया है कि युवा राजद मधेपुरा को मजबूत एवं संगठित करने में अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन करेंगे। वही नवमनोनीत युवा नगर परिषद अध्यक्ष जय नंदन यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निभाने का भरसक प्रयास करूंगा एवं पार्टी हित में संगठन मजबूती हमारा पहला लक्ष्य होगा। राजद नेता रामजी यादव, मुकेश यादव, सनोज कुमार, चंदन झा उर्फ बबलू झा, गुड्डू जायसवाल, छोटू यादव, राजीव राजा, सुनील मंडल, प्रवीण यादव, धीरेंद्र यादव, अमलेश कुमार, देवेंद्र यादव, ललन यादव, करण यादव आदि ने जय नंदन यादव को नगर परिषद का राजद युवा अध्यक्ष बनाए जाने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# जन समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता



जमुईः विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सर्वजन कल्याण सेवा समिति के प्रमुख डा.विभूति भूषण ने जमुई लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद अरुण भारती को मांग पत्र सौंपा। जानकारी देते हुए क्लब प्रमुख डा.भूषण ने बताया कि गिद्धौर दुर्गा मंदिर के समीप से निजुआरा गांव होते हुए मांगोबंदर मोड तक जाने वाली सड़क की मरम्मत, जिले के अलग-अलग क्षेत्र में मौजूद डैम के जल वितरणी की साफ सफाई और मरम्मत, गिद्धौर बाजार में शिक्षाविद स्व. दयानाथ झा की स्मृति में सार्वजनिक पुस्तकालय बनाने, मांगोबंदर को प्रखंड का दर्जा देने और जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत उद्योग की स्थापना करने को लेकर मांग पत्र दिया गया है। इस दौरान सांसद अरुण भारती ने इन सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधारपर निष्पादित करने का आश्वासन दिया है। शीघ्र ही कई अन्य समस्याओं को लेकर भी स्थानीय विधायक श्रेयसी सिंह को भी समिति की ओर से मांग पत्र सौंपा जाएगा।

# 25 जून को लखनऊ में होगी मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय कमेटी का बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 जून को लखनऊ में राष्ट्रीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। श्री यादव ने बताया कि बैठक में मिशन सुरक्षा परिषद का उद्देश्य, जागरूकता, सदस्यता अभियान, कमेटी गठन, संगठन विस्तारण, पद सृजन, मनोनयन, जिम्मेदारियां, कार्यक्रम, राजनीतिक एजेंडा, चुनावी गतिविधियों में भाग लेने, राजनीतिक विकल्प देने, बहुजनों का संवैधानिक जनतांत्रिक अधिकार, कर्तव्य, आंदोलन आदि विषयों पर गंभीर विस्तारित चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर करेंगे। वही सभी राज्यों के प्रतिनिधि सहित बिहार से 20 प्रतिनिधि सहित देश भर का 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रहास यादव, एलसी पूनियां, ललिता कुमारी, दिलीप कुशवाहा, संतोष यादव, शत्रुघ्न पासवान, किरण देवी, बिनोद पसवान, संजय मुखिया, अमित कुशवाहा, बिनोद यादव, लाल बहादुर साह, मीरा बौद्ध आदि सक्रिय भाग लेंगे।

# सरकारी पहल-योजना के तहत 51 प्रकार के उद्योगों के लिए सरकार से मिली स्वीकृति

## इंटर पास बेरोजगार युवक-युवतियां कर सकते हैं अप्लाई

- उद्यमी योजना का आवेदन 1 जुलाई से 31 जुलाई तक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। जिले में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन 1 जुलाई से शुरू होगा। बता दें कि इस योजना के तहत युवा,महिला,अल्पसंख्यक,पिछड़ा व अतिपिछडा वर्ग के लोगों से एक साथ आवेदन कर सकेंगे।उद्योग लगाने के इच्छुक लोग 1 जुलाई से 31 जुलाई तक उद्योग विभाग के वेबसाइट पर अपने कागजात के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।इस संबंध मे उद्योग विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत इंटर पास बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से उद्योग शुरू करने के लिए 10 लाख रूपए दिए जाएंगे ।जिसमें 5 लाख रूपए सरकार अनुदान के रूप में देगी ।बता दें कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्योग लगाने की कोई संख्या निर्धारित नही की गई है ।आवेदन मिलने के बाद ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवकों को योजना का लाभ देने की योजना है।

इंटर पास बेरोजगार युवक-युवतियां कर सकतें हैं अप्लाई

इंटर पास बेरोजगार युवक-युवतियां आधार कार्ड,पैन कार्ड,जाति व निवास प्रमाण पत्र,मेट्रिक,इंटर पास सर्टिफिकेट,यदि हो तो आईटीआई,पॉलिटेनिंक या आईआईटी सर्टिफिकेट,बैंक अकाउंट,कैंसिल चेक व उद्योग लगाने वाले जमीन की रसीद,पासपोर्ट साइज फोटों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्लास्टिक सामग्री उत्पादन,ऑटो गैरेज सहित 51 उद्योगों को मंजूरी

इस योजना के तहत 51 प्रकार के उद्योग लगाने के लिए सरकार से स्वीकृति मिली है ।इनमें प्लास्टिक सामग्री उत्पादन,ऑटों गैरेज,आइसक्रीम उत्पादन,मधु प्रसंस्करण,मसाला उत्पादन,मुर्गी दाना उत्पाद,तेल मिल,नोटबुक उत्पादन,पशु आहार,पावर लूम इकाई,पैथोंलॉजिकल जांच घर,चूडा उत्पादन,रौलिंग शटर,स्टेबलाइजर इन्वटर निर्माण,स्पोटर्स,हल्के वाहन के बॉडी निर्माण,हॉस्पिटल बेड,ढाबा,फ्लैक्स प्रिंटर,बढ़ई गिरी,बांस का सामान,बीज प्रसंस्करण,बेकरी उत्पाद,बेडशीट निर्माण,मरवाना प्रोसेसिंग सहित 51 प्रकार के उद्योग शामिल है।

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में डीएम ने लोगों को किया जागरूक



प्रात : किरण संवाददाता

जम्‍ुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के अस्ता क्षेत्र में स्थित एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालय में विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर राष्ट्रीय सिकल खेल अनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएम राकेश कुमार अधीनस्थ अधिकारियों के साथ उपस्थित हुए। इस दौरान क्षेत्र में रहने वाली अनूसचित जाति के लोगों के बीच स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जिसमें उपस्थिति लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया और उनलोगों का उपचार किया गया। डीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वभर में व्यक्तियों, परिवारों एवं समुदायों पर सिकल सेल रोग का प्रभाव के बारे में जागरूकता लाने के लिए विश्व सिकल सेल दिवस मनाई जाती है। सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त विकार है। डीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में कई लोगों को इस बीमारी का लक्षण, बचाव की पूर्ण जानकारी नही रहने के कारण उनलोगों को आगे चलकर परेशानी होती है। ऐसे में यह कैंप लगाया गया ताकि क्षेत्र के छोटे छोटे बच्चों से लेकर बड़ो लोगो का स्वास्थ्य जांच किया जाए और उसका उपचार किया जाए। डीएम ने इस दौरान विद्यालय का निरीक्षण भी किया और वहां के बारे में कई तरह की जानकारी प्रधानाध्यापक विमल कुमार से लिया। मौके पर सीएम महेंद्र प्रताप, जिला कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ रविजी सहित रेफरल अस्पताल झाझा के डॉक्टर नौशाद, डॉक्टर कविंद्र कुमार सहित मेडिकल टीम भी मौजूद रहे।

# शिक्षा दीक्षा-विद्यालय के 500 मीटर की परिधि में एप करेगा काम, विद्यालय आने-जाने की बनेगी उपस्थित

- ई-शिक्षाकोष एप पर बनेगी शिक्षकों की हाजिरी
- बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति के लिए सभी विद्यालयों को टैबलेट व कंप्यूटर कराया जा रहा है उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षा विभाग अंतर्गत सम्पादित किए जा रहे गतिविधियों के ऑनलाइन अनुश्रवण के लिए एक ई- शिक्षा कोष का निर्माण कराया गया है। जिसके तहत ई-शिक्षाकोष पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित कराया गया है। विभाग ने यह निर्णय लिया गया है कि प्रतिदिन वीसी के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति से संबंधित प्राप्त किये जा रहे आंकड़ों की व्यवस्था को बंद करते हुए राज्य के सरकारी विद्यालयों (प्राथमिक,मध्य,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय) में कार्यरत सभी प्रधानाध्यापक,शिक्षक एवं अध्ययनरत बच्चों की तकनीकी आधारित प्रतिदिन उपस्थिति ई शिक्षाकोष मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त की जाय। पहले चरण में शिक्षकों की दूसरे चरण में बच्चों की हाजिरी भी ई-शिक्षाकोष से नई व्यवस्था के तहत प्रथम चरण में तत्काल कार्यरत सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक इस मोबाइल एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करेंगे एवं द्वितीय चरण में बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति इसी मोबाइल एप से प्राप्त की जाएगी ।ई-शिक्षाकोष मोबाइल एप के माध्यम से बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति प्राप्त करने के लिए सभी सरकारी विद्यालय को टैबलेट,कंप्यूटर उपलब्ध कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है,जिसके बाद बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति प्राप्त करने के संबंध में अलग से निर्देश जारी किया जाएगा। टीचर आईडी से होगा लॉगिन,स्कूल पहुंचने पर बनेगी हाजिरी ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए प्रधानाध्यापक,शिक्षक को संबंधित विद्यालय से 500 मीटर की परिधि में रहना आवश्यक होगा। विद्यालय के 500 मीटर की परिधि में रहने की स्थिति में प्रधानाध्यापक,शिक्षक को उनके मोबाइल स्क्रीन पर 2 बटन स्कूल इन और स्कूल आउट दिखाई देगा। प्रधानाध्यापक,शिक्षक विद्यालय में आते ही ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए मोबाइल स्क्रीन पर अंकित स्कूल इन बटन को क्लिक करेंगे और विद्यालय से जाते समय स्कूल आउट बटन को क्लिक करेंगे। ई-शिक्षकोष एप डाउनलोड करने का निर्देश अपर मुख्य सचिव डाँ.एस सिद्धार्थ ने डीईओ को निर्देश दिया कि सभी प्रधानाध्यापक/शिक्षक को गूगल प्ले स्टोर से ई-शिक्षकोष एप को उनके मोबाइल फोन में डाउनलोड करने के लिए निर्देशित किया जाए। सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक अपने टीचर आईडी से एप पर लॉग इन करेंगे। जिन शिक्षकों के पास पूर्व से टीचर आईडी उपलब्ध नहीं है अथवा भूल गए हैं,वैसे शिक्षक विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर पूर्व से जेनेरेटेड टीचर आईडी प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानाध्यापक, शिक्षक अपने टीचर आईडी से ई- शिक्षाकोष ऐप में लॉग-इन करने के पश्चात डैसबोर्ड पर अंकित मार्क अटेंडेंस बटन को क्लिक करेंगे। तत्पश्चात मोबाइल से सेल्फ अटेंडेंस विद्यालय में उपस्थित रहने की स्थिति में प्रधानाध्यापक,शिक्षक द्वारा सेल्फ अटेंडेंस के विकल्प का चयन करते हुए इस बटन को क्लिक किया जाएगा ।

### घरेलू विवाद में एक महिला ने अपनी गोतनी और सास के साथ मारपीट कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के अलकजरा गांव में घरेलू विवाद में एक महिला ने अपनी गोतनी और सास के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट में घायल दोनो महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां घायल महिलाओं का इलाज हुआ। मारपीट के संदर्भ में संतोष कुमार यादव ने बताया कि मेरी पत्नी रंजू देवी घर मे बच्चों के साथ थी तभी मेरी भाभी गीता देवी और उसकी बेटी ने घर मे घुसकर मेरी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा और जब मेरी मां मालती देवी मेरी पत्नी को बचाने के लिए आई तो भाभी ने उसे पटक कर मारपीट किया और मेरी पत्नी के नाक का जेवर छीन लिया और उसके बाद घर मे लगा चापाकल को तोड़ दिया। संतोष ने आगे बताया कि बच्चों के बीच विवाद के कारण भाभी ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

# जिसने आसनों की सिद्धि प्राप्त कर ली, समझो उसने तीनों लोकों को जीत लिया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में ह्ववर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की प्रासंगिकता और उपादेयताह्व विषय पर परिचर्चा की गई। केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सह पूर्व एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि मानव जीवन में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की प्रासंगिकता पूरी दुनिया में बढ़ गई है। आज योग मानव जाति के लिए काफी उपादेय है। योग की दुनिया में शीर्षासन आसनों का राजा होता है। क्योंकि इसका नियमित अभ्यास इंसान को सर से लेकर पैर तक केवल लाभ ही लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ह्ययोग अपनाओ, रोग भगाओह्व स्वास्थ्य विभाग का नारा होना चाहिए। योग के महत्व पर कहा गया है कि- आसनं विजितं येनल जितं तेनजगत्रयं। अनेन विधिनायुक्तः प्राणायाम सदा कुरू। अर्थात जिसने आसन को जीत लिया समझो तीनों लोकों को जीत लिया। अतः नियमित एवं विधि विधान से प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। कहते हैं कि योगः कर्मसु कौशलम्‌ यानी प्रत्येक कार्यों को कुशलता पूर्वक संपन्न करना ही योग है। अपनी अंतरात्मा के साथ एकाकार होने को योग कहते हैं। योग वर्तमान में एक थेरेपी के रूप में विश्व के लिए उपयोगी सिद्ध हो चुका है। यहां हर एक रोग के लिए विशेष आसन है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि योग के प्रणेता थे। योगसूत्र इनकी महत्वपूर्ण रचना है, जो योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। प्रो. देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि आज विज्ञान के दौर में भी योग शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। योग की महत्ता को देखते हुए विश्व भर में योग केंद्र खुल रहे हैं, जहां लोगों को अपनी योगासन सिखाया जाता है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सरदार राय ने कहा कि योग मानव को चुस्त और दुरुस्त रखने का सबसे सरल और सस्ता साधन है। वर्तमान परिपेक्ष में योग का महत्व देश दुनिया में काफी बढ़ गया है। यह शरीर को पुष्ट ही नहीं बनता है, बल्कि चंचल दिमाग को भी संतुलित रखता है। शरीर के हर अंग पर योग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बशर्ते कि नियमानुकूल योगाभ्यास होना चाहिए। वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रगतिशील एससी /एसटी के प्रदेश सचिव श्री सुभाष पासवान ने कहा कि विश्व में योग की परंपरा नूतन नहीं, वल्कि पुरातन है। इसकी उत्पत्ति सबसे पहले भारत में हुई थी। आधुनिक योग के जनक महर्षि पतंजलि हैं। योग विद्या में शिव को आदि योगी और आदि गुरु माना गया है। विश्व योग दिवस मनाने का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। क्योंकि उन्ही के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ में पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा 9 वर्ष पूर्व 2015 में की थी। श्री रवीश कुमार सिंहे, सुशील कुमार और कृष्णा गिरी ने कहा कि योग मनुष्य को स्फूर्तिवान बनाता है। योगासन, सूर्य नमस्कार और व्यायाम से शरीर को अनेकों लाभ होते हैं। योग से भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोग लाभ ले रहे हैं। योग का जन्मदाता भारत है। इसकी उत्पत्ति हमारे ही देश में हुई थी। इसके बाद ही विश्व भर में विस्तार हुआ। 21 जून 2015 से हर वर्ष पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। गौरतलब है कि 27 सितंबर 2014 को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ से योग दिवस मनाने की अपील की थी, जिसके फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को योग दिवस मनाने की घोषणा की थी।

# सैन्य सम्मान के साथ हुआ शहीद रमेश कुमार सिंह का अंतिम संस्कार

प्रात : किरण संवाददाता



मुरलीगंज,मधेपुरा जम्मू के नगरोटा में ऑन ड्यूटी आकस्मिक निधन हुए एसएसबी जवान 50वीं वाहिनी रमेश कुमार सिंह का पार्थिव शरीर गुरुवार की सुबह सैन्य वाहन से मुरलीगंज के दिग्घी गाँव वार्ड छह घर पहुंचते हीं लोगों में देशभक्ति की भावना उमड़ पड़ी। पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन के लिए लोगों की जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद रमेश कुमार सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। भारत माता की जयघोष और शहीद रमेश कुमार सिंह अमर रहे के नारों से पूरा क्षेत्र गुंज उठा। लोगों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शहीद रमेश कुमार सिंह के पार्थिव शरीर को कुछ देर के लिए लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। पिता श्यामलकिशोर सिंह, माता उषा देवी, पत्नी राखी देवी, बड़ा भाई मुनमुन सिंह, छोटा भाई रिंकू सिंह, पुत्री प्राची सिंह (10) वर्ष पुत्र अयांश कुमार (8) वर्ष सहित परिवारजनो का रो-रोकर कर बुरा हाल रहा। इस बीच सैना के अधिकारियों ने शहीद का ड्रेस व राष्ट्रीय ध्वज परिजन को सौंपा। सैना और पुलिस के जवानों से शहीद रमेश कुमार सिंह को सलामी दी। इनके आठ वर्षीय पुत्र अयांश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद लोगों के आंखो में आंसु और चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही थी। अंतिम संस्कार में 50 वीं वाहिनी एसएसबी टीम, मुरलीगंज थाना प्रभारी मंजू कुमारी, सरपंच विवेकानंद सिंह, मुखिया विकास पासवान, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा वर्ग सहित दिग्घी गाँव के अलावे मुरलीगंज, भेलाही, रतनपट्टी, जोरगामा, इटहरी, हरिपुर कला, मोरकाही समेत आस पास इलाके से लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे। पैतृक गाँव में हुआ शहीद रमेश कुमार सिंह का अंतिम संस्कार। मुरलीगंज शहीद रमेश कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गुरुवार को पैतृक गाँव दिग्घी में किया गया। शव यात्रा में गाँव के बच्चे बूढ़े जवान, सैना में जाने की तैयारी कर रहे युवा के सहित आस पास गांव के हजारों लोग शामिल हुए। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी सैना के शव वाहन के पीछे चल रहे थे। गाँव सहित आस पास क्षेत्र के नौजवान अहले सुबह से मुरलीगंज के मीरगंज चौक पर सैन्य वाहन आने का इंतजार कर रहे थे। मीरगंज चौक से डीजे गाजे बाजे संग शव वाहन के साथ लगभग पांच किलोमीटर पैदल चलकर दिग्घी पहुंचे। इस दौरान देशभक्ति गाने और शहीद रमेश कुमार सिंह अमर रहे के नारे लगते रहे। पैतृक गाँव पहुंचकर शहीद रमेश कुमार सिंह का दाह संस्कार हुआ।

# धूमधाम के साथ मना राहुल गांधी का जन्म दिन




प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सह महागठबंधन सुपौल विधानसभा के प्रत्याशी रहे मिन्नत रहमानी के सुपौल निवास पर बुधवार को केक काटकर धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिन्नत रहमानी ने किया। इस अवसर पर सुपौल के प्रबुद्ध समाजसेवी एवं महागठबंधन के कार्यकताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री रहमानी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी चार हजार किलोमीटर से अधिक दूरी का पैदल यात्रा कर एक एक व्यक्ति को जोड़ने का कार्य किए। अनेकता में एकता भारत की पहचान है आज लोकतंत्र खतरे में है उसे बचाना हमलोगो का फर्ज है। इस मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता जिला कांग्रेस कमिटी के महामंत्री शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी,कांग्रेस वरिष्ठ नेता पीतांबरा पाठक, वार्ड पार्षद तबरेज हयात, राजद नेता सत्यनारायण यादव, राजद युवा नेता कौशल कुमार सिद्धू, वीआईपी उपाध्यक्ष विशेश्वर मुखिया, प्रधान महासचिव गिरधारी मुखिया, सोनू आजाद, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद यादव, पवन जायसवाल, मुना दास , रणजीत मुखिया, सत्यनारायण मुखिया, संजय भारती, विजय यादव, मो मुस्ताक, दिगंबर शर्मा, संजय सिंह, मनोज झा, हरेकांत मिश्र, चंद्रमोहन मण्डल, सुबोध मण्डल, रामेश्वर कामत समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन से नीचे गिर युवक, लागों में मची हलचल

आरा।आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर बुधवार की दोपहर कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर अररिया निवासी एक युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार मृतक अररिया जिला के कुसार्कंटा थाना क्षेत्र के मरतीपुर गांव वार्ड नंबर 7 निवासी कृपानंद मंडल का 20 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार है।इधर, मृतक के ममेरे भाई राकेश कुमार ने बताया कि वह,उसका ममेरा भाई कृष्णा कुमार एवं एक अन्य दोस्त कामाख्या एक्सप्रेस से अररिया स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल जा रहे थे। वहां से सभी हरियाणा के दादरी भिवानी स्थित कंपनी में काम करने जाने वाले थे।बताया की यात्रा के क्रम में उनकी ट्रेन आरा स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकी,तो वह पानी लेने के लिए नीचे उतर गया। इसी बीच ट्रेन खुल गई। जब वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ रहा था।उसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से नीचे गिर पड़ा।जिससे उसकी मौत हो गई।

### पूर्व नक्सली हत्याकांड में चार को पुलिस ने किया गिरफतार

गया।गया पुलिस ने कोच थाना क्षेत्र के कमल बीघा में हुई नक्सली हीरा यादव उर्फ जितेंद्र यादव की हत्या कांड का उद्वेदन करते हुए हत्याकांड में शामिल कोच थाना क्षेत्र के अमरजीत यादव उर्फजितेंद्र यादव को चार मोबाइल फोन के साथ गुरारू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है पूणा गिरफ्तार दोनों नक्सलियों के निशानदेही पर दो अन्य कुख्यात नक्सली संजय यादव और सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि चारों नक्सलियों मृतक नक्सली के द्वारा पुलिस की करने व नक्सलियों के द्वारा कब्जा किए गए जमीन की खरीद बिक्री करने के आरोप में हत्या कर दी थी।

### जिला आपातकालीन संचालन- सह-प्रशिक्षण केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत पिपराकोठी में जिला आपातकालीन-सह-प्रशिक्षण केंद्र के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के अवसर पर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल विभाग मोतीहारी भी उपस्थित थे।कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि यह भवन पूरी तरह से निर्मित हो गया है और इसमें फर्निशिंग का कार्य भी करा दिया गया है। इस भवन में एसडीआरएफ के लिए कार्यालय एवं प्रशिक्षण देने के साथ-साथ 59 एसडीआरएफ कर्मी के ठहरने की व्यवस्था है। भवन में बिजली पानी फर्नीचर अग्निशमन यंत्र एवं सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है।कार्यपालक अभियंता ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य 15 मार्च 2023 को विधिवत प्रारंभ किया गया।14 फरवरी को यह भवन पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा इस भवन को शीघ्र ही संबंधित एजेंसी को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया।इस पर कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, पूर्वी चंपारण को भवन के हस्तांतरण के संबंध में पत्र लिखा गया है और इसका हस्तांतरण शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

### नारगंजो पुल के समीप एक व्यक्ति का मिला शव, हुई पहचान

जमुई [ झाझा ] नारगंजो पुल के समीप 42वर्षीय एक व्यक्ति का शव झाझा पुलिस के द्वारा बरामद किया गया।इधर कुछ लोगों का शव नारगंजो पुल के समीप देखे जाने के बाद इसकी जानकारी झाझा पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे मे लिया और शव की पहचान को लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ जिससे उसकी पहचान हुई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड अंर्तगत रघुनाथपुर दोनवा गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार शर्मा के रूप में हुई है।जिसके बाद पुलिस ने किसी तरह उसके परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी परिजनों की दी।

### दो एकतरफा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का होगा परिचालन

जमुई [ झाझा ] गर्मियों के मौसम में रेलयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ और यात्रा की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए दो एकतरफा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।रेलवे ने मऊ से कोलकाता और वाराणसी सिटी से हावड़ा के लिए दो एकतरफा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है।आसनसोल मंडल सूचना पदाधिकारी दीप्तिमय दत्त ने बताता कि 05180 मऊ-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन आगामी 21 जून को मऊ से शाम 05:15 बजे रवाना होगी।अगले दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी।यह ट्रेन रास्ते में इंदारा, रसड़ा, बलिया, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, झाझा,जसीडीह और आसनसोल स्टेशनों पर रुकेगी।

# तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अभियान के रूप में जिलेवासियों को पेड़ लगाने होंगे : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

गया । मंत्री सहकारिता विभाग सह वन एव जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा जनसरोकार के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई है।इस बैठक में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा मंत्री का स्वागत करते हुए बैठक में आये सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विभागवार कार्यो की जानकारी दी गई।जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि साल दर साल मौसम में अचानक बदलाव देखे जा रहे हैं। पहले की तुलना में हीट वेब का प्रकोप ज्यादा हो रहा है। जिससे आम जनमानस के साथ साथ पशु पक्षियों को भी दिक्कत देखी जा रही है। तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अभियान के रूप में जिलेवासियों को पेड़ लगाने होंगे। डीएम ने बताया कि इस वर्ष मानसून सीजन में वन विभाग एव मनरेगा विभाग द्वारा कुल मिलाकर लगभग 25 लाख से अधिक पेड़ लगाने की योजना तैयार की गई है।इसमें जिले के सभी विभागों यथा पुलिस विभाग, विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट प्रशासनिक विभाग, स्वमं सेवी संस्थाओं आदि की पूरी सहभागिता अपेक्षित रहेगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष मानसून में दो प्रकार की योजना ली गई है, पहली योजना जंगल के अंदर पौधारोपण तथा दूसरी योजना जंगल के बाहर पौधारोपण है। जंगल के अंदर इस वर्ष 8 लाख पौधे लगाने की योजना तैयार की गई है।गया शहरी क्षेत्र में 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। जिससे शहरी क्षेत्र में भविष्य में अत्याधिक गर्मी या हीट वेव की समस्या में काबू पाया जा सकेगा। वन विभाग द्वारा 8 बड़े सड़कों को चिन्हित किया है जिसके किनारे किनारे तथा यात्रियों के छांव तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए 16800 पौधे इस वर्ष लगाए जाएंगे। जीविका दीदी को 464000 पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जो अपने जीविका दीदियों के माध्यम से पौधे लगवाए जाएंगे। इसके लिए जीविका के पदाधिकारी के साथ बैठक कर पौधा लगाने की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के 42 विभागों को वन विभाग की ओर से पत्र भेजा गया है जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि यदि कार्यालय परिसर में खाली जगह है तो उसकी सूचना दें ताकि उसी अनुसार से उन्हें पौधे उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा सीआरपीएफ, एसएसबी तथा सभी थाना अध्यक्ष को भी पत्र दिया गया है, ताकि बड़े पैमाने पर इस वर्ष पौधारोपण हो सके। इस वर्ष पहली बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चार पहाड़ यथा प्रेतशिला, रामशिला, डुंगेश्वरी एवं ब्रह्मयोनि पर बरसात के मौसम में पहाड़ों पर सीड बॉल का छिड़काव किया जाएगा जिससे पहाड़ों पर भी हरियाली आने की संभावना रहेगी। इस वर्ष 1 लाख सीड बॉल डालने की योजना तैयार की गई है। मंत्री ने जिला पदाधिकारी को सुझाव दिया कि गया जिला बड़े-बड़े पहाड़ों से घिरा हुआ है। गया जिला में लगातार पानी की समस्या भी देखी जा रही है। बरसात के मौसम में पहाड़ों का पानी प्राय बर्बाद हो जा रहा है। पहाड़ों पर पानी रोकने के लिए एक कार्य योजना तैयार करें इसके लिए विशेषज्ञ या कंसल्टेंसी के माध्यम से उनकी मदद लें एवं पहाड़ों का सर्वे कराकर पहाड़ों का पानी कैसे रोका जाए इस पर योजना तैयार करें। इससे पहाड़ों पर हरियाली के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन पर भी काफी लाभदायक साबित होगा।मनरेगा के माध्यम से भी इस वर्ष बड़े पैमाने पर पौधा लगाने की योजना है इसमें मुख्य रूप से फल्गु नदी के किनारे बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराए जाएंगे। नेशनल हाईवे के अधिकारी ने बताया कि एनएच 83 एनएच 82 सहित अन्य जितने भी नेशनल हाईवे हैं उनके किनारे बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी स्टेट हाईवे के किनारे भी पौधा लगाने के कार्य योजना संबंधित विभाग द्वारा की गई है। मंत्री ने बताया कि आम के पौधे, नीम, पीपल, बरगद, पाकड़ जैसे लंबी आयु तक ठहरने वाले पौधों को ही सड़कों के किनारे लगावे ताकि राहगीरों को पूरी छाया मिले तथा पर्यावरण भी साफ बना रहे हैं।औरंगाबाद चोरदाहा सड़क, वाराणसी कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना, आमस दरभंगा परियोजना, एन एच 2 शेरघाटी से डोभी बाराचट्टी होते हुए झारखंड बॉर्डर तक जाने वाले सड़क के किनारे पूरी संख्या में पौधा लगाने का निर्देश सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिया गया है। डीएम ने जिला सहकारिता पदाधिकारी एव जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के बड़े किसानों को राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना कृषि वाणिज्यिक योजना से जोड़ते हुए पेड़ लगवाएं।

डीएम ने जिले के सभी नागरिकों से अपील किया है कि इस मानसून सीजन में आप सभी महा अभियान के रूप में पेड़ लगाए एव अपने जिले का पर्यावरण समतुल्य बनाये। जिससे आने वाले वर्षों में काफी लाभकारी सिद्ध होगा।सभी लोग पूरी संकल्पित होकर पेड़ लगाए एव उसे संरक्षित रखे।समीक्षा बैठक में मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी पार्को का निगम के अधिकारियों से सर्वे करवाकर विस्तृत सूची बनाते हुए वन विभाग को स्थानांतरित करने का कार्य करें, ताकि और अच्छे ढंग से पार्को का रख रखाव एव सौंदर्यकरण किया जा सके। मंत्री ने नगर आयुक्त को बताया कि निगम के राजस्व में आय को बढ़ाने के उद्देश्य से निगम के बड़े प्लाट जो वर्तमान समय मे खाली बड़े हैं, वहां पार्किंग की व्यवस्था या बड़े मॉल निर्माण करवाने पर विचार करे, ताकि ट्रैफिक जाम से निजात भी मिलेगी एव निगम को राजस्व भी प्राप्त होगा। मंत्री ने बुडको के कार्यकलापों को देख कर घोर नाराजगी प्रकट किया है।

## स्नातक नामांकन गतिरोध समाप्त करने के लिए छात्र संघ के साथ बैठक में नहीं पहुंचे वीसी व रजिस्ट्रार

प्रात : किरण संवाददाता

गया । स्नातक सेमेस्टर 1 की मेरिट सूची में गड़बड़ियों के बाद नामांकन स्थगित कर गतिरोध समाप्त करने के लिए आज 20 जून को छात्र संघ की बैठक विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ तय थी। इस बैठक में सभी प्रमुख छात्र संघ के प्रतिनिधियों के साथ भोजपुरी छात्र संघ के सह संयोजक सोहित सिन्हा भी उपस्थित थे। मगर छात्र संघ प्रतिनिधियों से बात करने के लिए वी सी क्या कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। इसके बाद तमाम छात्र संघों में आक्रोश व्याप्त है। भोजपुरी छात्र संघ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजभवन पत्र भेजकर व्याप्त कुव्यवस्था के जिम्मेवार कुलसचिव सह छात्र कल्याण पदाधिकारी और वि वि के अन्य अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने तथा नामांकन में आ रहे गतिरोध को छात्र हित में शीघ्र दूर करने की मांग करने का निर्णय लिया है। भोजपुरी छात्र संघ का कहना है कि पिछली बार भी नए कोर्स के अनुसार स्नातक नामांकन हुआ था जो मेरिट के आधार पर हुआ था मगर इस साल वरीयता के आधार पर कैसे हुआ और इस निर्णय की पूर्व सूचना सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? हर साल नियम किस आधार पर बदला जा रहा है और बिना छात्र संघ के प्रतिनिधियों से वार्ता किए रणविजय कुमार का एकतरफा बयान कि पोर्टल 21 से फिर खोला जाएगा यह मनमानी और तानाशाही का सूचक है। पूरी नामांकन सूची को या तो रद्द किया जाए अथवा स्लाइड अप का विकल्प छात्रों को दिया जाए। सह संयोजक सोहित सिन्हा ने बताया कि खानापूरी के लिए छात्र संघ की बैठक अधिकारी बुलाते हैं और एकतरफा निर्णय लेते हैं तथा ऐसा प्रतीत होता है कि प्राइवेट कॉलेजों से सांठ गाठ करके गड़बड़ी की गई है जो जांच का विषय है। कुलसचिव सह छात्र कल्याण पदाधिकारी एक साथ कई पदों पर हैं इससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। पूर्व में भी भोजपुरी छात्र संघ ने भोजपुरी विभाग में पद सृजन और बहाली के लिए शिक्षा सचिव के के पाठक को पत्र लिखा था जिसके जवाब में शिक्षा विभाग को कुलसचिव ने गलत जानकारी दी थी जिससे प्रक्रिया बाधित हो गई थी। अगर 21 जून तक छात्र हित में कार्रवाई नहीं हुई तो भोजपुरी छात्र संघ राजभवन इसकी शिकायत करेगा।

## 15 दिनों में सोलर लाइट लगाने की प्रगति सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



गया।गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत वार्डो में लगाये जा रहे सोलर स्ट्रीट लाइट के प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गई है। गया जिले में 320 पंचायतो में प्रति पंचायत में 10-10 लाइट एव प्रति वार्ड में 10-10 सोलर लाइट कुल 46990 लगाया जाना है। विशेष ग्राम सभा का आयोजन दिनांक- 20 एवं 21 जून 2024 किया जा रहा है जिसमें स्थल का चयन एवं वार्ड के प्राथमिक्ता का निर्धारण कर प्रशासनीक स्वीकृति दया जाना है। उन चयनित स्थलों पर विभागीय गाइडलाइंस के अनूरूप प्रति वार्ड में 10-10 पोल पर सोलर लाइट लगाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट जिले में लगाने हेतु ब्रेडा विभाग द्वारा 5 एजेंसी का चयन हुआ है। इन सभी 5 एजेंसी के साथ एग्रीमेंट है। लेटर ऑफ इंटीमेशन भी दिया जा चुका है। सभी सोलर लाइट को 5 साल तक मेंटेनेंस से संबंधित संवेदक द्वारा किया जाना है।सवितर सोलर प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी को कुल 8 प्रखंड के 107 पंचायत के 1055 वार्ड में 11620 लाइट लगाने के लिये दिया गया है। कोच, टेकारी, परैया, बेला, खिजर सराय, नीम चक बथानी, अतरी एवं मोहरा में लगाया जाना है। इस एजेंसी द्वारा 180 वार्ड में 1701 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कर लिया गया है। सोलेक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी को कुल 7 प्रखंड के 103 पंचायत के 1022 वार्ड में 11250 लाइट लगवाने के लिये दिया गया है। बोधगया, नगर, मानपुर, फतेहपुर, टनकुप्पा, वजीरगंज एवं गुरुवा प्रखंड में लगाया जाना है। इनके द्वारा अब तक 124 वार्ड में 1240 सौर ऊर्जा सोलर लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। फोटोनिक्स वाटरटेचस प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी को कुल 3 प्रखंड के 37 पंचायत के 370 वार्ड में 4070 लाइट लगवाने के लिये दिया गया है। इनके द्वारा अब तक 56 वार्ड में 494 सोलर लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। के०एल०के० वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड ऐजेंसी को कुल 3 प्रखंड के 40 पंचायत के 394 वार्ड में 4340 लाइट लगवाने के लिये दिया गया है। इनके द्वारा अब तक 160 वार्ड में 1600 सोलर लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। सुंडीगो सोलर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ऐजेंसी को कुल 3 प्रखंड के 33 पंचायत के 326 वार्ड में 3590 लाइट लगवाने के लिये दिया गया है। इनके द्वारा अब तक 52 वार्ड में 520 सोलर लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ एजेंसी द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट संस्थापन में कार्य काफी धीमी है।

डीएम ने निर्देश दिया है कि अग्रिमनेट में निर्धारित किये गए तय समय सीमा के अंदर कार्य नही करते हैं, तो उनपर पेनाल्टी लगायी जाएगी। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसे पूरी प्रायोरिटी के साथ कार्य करना होगा। लाइट का अधिष्ठापन सही ढंग से करवाना सुनिश्चित करें। इस बैठक में बताया गया कि कुछ एजेंसी कार्य उपरांत बिल सबमिट नही करने के कारण भुगतान लंबित है। डीएम ने आदेश दिया है तय समय मे बिल सबमिट करें अन्यथा पेनाल्टी लगाई जाएगी। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु संवेदक के वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें साथ ही मटेरियल जांच भी करें।

## 13 जुलाई के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



गया।13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए 19 जून को स्पेशल विधुत न्यायालय, गया में प्रभारी विधुत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश 12 ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवम सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के दिशानिर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के मध्य बैठक हुई है।इस बैठक में सचिव ने उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों सें बिजली विभाग के न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य एवं विद्युत मामलों को दिनांक 20 जून से 13 जुलाई के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इस बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। इसके साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील की है विजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउंडिंग फी 20 जून से 13 जुलाई के पूर्व तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता सोहेल अहमद,अजय कुमार,सुनील कुमार,अशोक राज, अनिल कुमार भारती, राजेश प्रसाद, राजेश कुमार, बिनोद कुमार चौधरी, सूरज प्रसाद,राजीव रंजन, चंदन कुमार , दीपक कुमार, सोमनाथ प्रसाद, ब्राविम एवम अन्य विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण , विद्युत न्यायालय के कर्मचारी आशीष कुमार उपस्थित थे।

## डेल्हा थाना क्षेत्र के हत्या मामले आरोपित फरार तीन अपराधी को गुजरात से किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा में चाउमीन दुकान पर चाकू से गोदकर दो युवक की हत्या कर देने के मामले में फरार चल रहे तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीन में से दो पुरुष और एक महिला है जो गिरफ्तार अपराधी अनंत कुमार, बाबू कुमार उर्फ अभिषेक कुमार और रिंकी देवी है। इन गिरफ्तार अपराधी के पास से रड और चाकू को भी बरामद किया गया है। इसकी खुलासा गया के एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस वार्ता कर दी है।जानकारी देते हुए बताया कि 3 जून 24 को डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा में चाउमीन दुकान के पास चाकू से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी जिसमें एक व्यक्ति को बुरी तरह से चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया था। इलाज के क्रम में जख्मी व्यक्ति का भी अस्पताल में भी मौत हो गया था।

इस मामले को लेकर डेल्हा थाना में कांड संख्या 138/24 दर्ज करते हुए मामले का अनुसंधान किया गया है ।घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक नगर 2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है।डेल्हा थानाध्यक्ष एवं डेल्हा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को शामिल किया गया है। इस घटना में शामिल दोनों अपराधियों के ऊपर 50-50 हजार रुपए का राज्य सरकार के द्वारा इनाम घोषित था। इस घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी गिरफ्तारी के डर से गुजरात के सूरत में जाकर रह रहा था। पुलिस द्वारा गठित टीम के द्वारा गुजरात के सूरत में सूरत क्राइम ब्रांच की मदद से छापेमारी किया है। पूछताछ में सभी ने इस घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकारा है।गहन पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

## समन्वय स्थापित करते हुए ससमय कार्यों को कराएं पूर्ण : जिलाधिकारी

बेतिया। जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में समन्वय एवं विकास से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में पश्चिम चम्पारण जिला में समन्वय एवं विकास से संबंधित विषयो की गहन समीक्षा की गयी। इस बैठक का संचालन उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी द्वारा की गयी। इस बैठक में मुख्यतः जिला के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में बिहार सरकार की विकास योजनाओं अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण, पंचायत सरकार भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, इंदिरा आवास योजना, आइएचएचएल इंट्री योजना अंतर्गत शौचालय निर्माण योजना, गीला व सुखा कचड़ा निस्तारण योजना, मनरेगा योजना आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में निर्माण कार्य हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करना,



गुणवतापूर्ण निर्माण कार्य, नियमानुसार ससमय भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्य ससमय गुणवतापूर्ण कराने हेतु आ रही सभी बाधाओं की समस्या का समाधान प्रखंडों के पदाधिकारी, अभियंता व अन्य पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया गया एवं निर्देश दिया गया कि सभी पदाधिकारी वर्षा प्रारंभ होने के पहले आपस में समन्वय स्थापित करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करें। अपने कार्य में कोताही बरतने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। उन्होंने कहा कि स्वयं से समाधान नहीं होने की स्थिति में अपने वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में लाएं। जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्राप्त करें।उन्होंने कहा कि आप सभी पदाधिकारी निचले स्तर के पदाधिकारी हैं। आपके द्वारा किया गया कार्य ही जिलास्तर पर नजर आता है एवं जिला का प्रतिशत अन्य जिलों के मुकाबले नजर आती है। उन्होंने कहा कि किसी भी मजदूर को योजना अंतर्गत कार्य कराने के उपरांत यथाशीघ्र नियमानुसार मजदूरी का भुगतान करें। भुगतान न होने की शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। मनरेगा योजना अंतर्गत दी गयी लक्ष्य के शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु शीघ्र कार्य कराएं। इसके लिए किये जा सकने वाले सभी उपायों को नियमपूर्वक अपनाएं। उप विकास आयुक्त द्वारा योजना अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य कराने के निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि बरसात शीघ्र आने वाली है। इसलिए समय रहते वृक्षारोपण कार्य सम्पन्न करायें। इसके लिए जगह को चिन्हित करने आदि सभी कार्य शीघ्र करायें। सभी कार्य कराने हेतु एक दल का गठन करें एवं उन्हें अलग-अलग जगहों पर प्रतिनियुक्त कर कार्यभार सौंपे ताकि कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत कार्य शीघ करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

मनरेगा योजना अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त कायो को शीघ्र ईमानदरी व पारदर्शिता से पूर्ण कराने का आदेश पदाधिकारी (पीओ) को दी गयी। इसके लिए सभी आवश्यक निर्देश भी दिया गया। विघ्न आने की स्थिति में वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में लाने एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का परामर्श दिया गया। उपस्थित सभी अभियंताओं को निर्माण कार्य पूर्ण करने, भूमि की उपलब्धता कार्य पूर्ण करने आदि कार्य हेतु सभी सक्षम पदाधिकारियों से सहयोग सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि पदाधिकारी से नियमित रूप से स्वयं स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

### मशरक में निपुण भारत निपुण बिहार के तहत चहक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

मशरक। निपुण भारत निपुण बिहार मिशन के अंतर्गत गुरुवार को एक दिवसीय चहक प्रशिक्षण मशरक बीआरसी केंद्र पर संपन्न हुआ। जिसमे प्रखंड के 130 विद्यालय से चयनित 43 विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षु बने। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मशरक डा वीणा कुमारी ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। मास्टर प्रशिक्षक के रूप में है चंदन कुमार सिंह एवं रमाशंकर कुमार साहनी ने चहक के तहत होने वाले गतिविधि अपने प्रशिक्षण में शामिल किया जिससे शिक्षक विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच बेहतर कर सके। साथ में रहमत अली मंसूरी मंटू कुमार सिंह आदि शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद रही। इसके तहत कक्षा 1 में नवनामांकित बच्चों को कक्षा 1 के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से विद्यालय तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत चहक संचालित किया जाना है। इस कार्यक्रम में 3 माह में 140 गतिविधियों को कक्षा 1 में नवनामांकित बच्चों के बीच कराई जानी है।

## प्रखंड कार्यालय में शुरू हुआ आधार निर्माण , लोगो में राहत

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक। स्थानीय प्रखंड में आधार बनवाने एवम सुधार को लेकर परेशान स्कूली छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा विभाग द्वारा दो स्कूल में पिछले वर्ष ही आधार केंद्र खोला गया किंतु अवध उच्च विद्यालय चैनपुर आधार केंद्र में आज तक ना ऑपरेटर पहुंचा और ना ही लॉगिन आई डी जेनरेट हुआ। जिससे स्कूल छात्र छात्रा के अलावे हजारों ग्रामीण आधार बनवाने एवम सुधार को लेकर परेशान भटक रहे है। ग्रामीणों के शिकायत पर प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह मंटू ने अधिकारियों से स्वीकृत करा प्रखंड कार्यालय परिसर में बंद आधार केंद्र को चालू कराया। जहा मशरक सहित आसपास के सीमावर्ती प्रखंड के लोग भी प्रतिदिन 45 से 50 की संख्या पहुंच रहे है । भीड़ होने पर प्रखंड प्रमुख स्वयं उपाथित होकर कार्य निष्पादित करा रहे है। नया आधार बनवाने एवम जन्मतिथि सुधार के लिए डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र जबकि अन्य सुधार के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लेकर आवेदक को स्वयं आना है। एक बार में एक ही सुधार हो रहा है जिसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराना आवश्यक है। बताते चले कि मशरक के स्कूल में आधार केंद्र नही शुरू होने पर महीनो से स्कूली छात्र छात्रा नामांकन, बैंक अकाउंट एवम परीक्षा फॉर्म भरने सहित अन्य कार्य के लिए आधार बनवाने के लिए छपरा एवम पटना जाने को विवश थे क्योंकि स्थानीय ग्राहक सेवा केंद्र में आधार बनवाने को लेकर उनसे पांच सौ से एक हजार रूपए तक वसूले जाते थे। अधिक पैसा देने के बाद सर्वर ठीक नहीं होना बता कई दिन दौड़ना परता था। प्रखंड कार्यालय परिसर में आधार बनवाने पहुंची छात्रा सोनम , अंजली सहित अन्य ने बताया कि यहां एक दिन में ही काम हो जा रहा है । प्रखंड प्रमुख एवम प्रखंड विकास पदाधिकारी के लगातार निरीक्षण करने की वजह से दलाल किस्म के लोग नही पहुंच पा रहे है और वाजिब शुल्क लग रहा है।

## चाकू बाजी में तारी बेचने वाला हुआ घायल

परसा ।बनकेरवा मुख्य मार्ग पर सतुआरा के समीप हुई चाकूबाजी में एक तारी बेचने वाला हुआ घायल,जिसको ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार हेतु परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया. वही बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही परसा पुलिस ने परसा समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र पहुच कर मामले की जनकारी लिया. घायल तारी बेचने वाला सैदपुर गांव निवासी स्वर्गीय बिफन चौधरी का पुत्र जगन्नाथ चौधरी बताया जाता है.



## मढ़ौरा के कई जगह सरेआम चलते है अवैध लॉटरी के कई अड्डे

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा थाना से महज 2, 3 व 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित मढ़ौरा मोहनबगान मिजार्पुर बाजार, इसराइली गाछी मुबारकपुर ओल्हन पुर सहित अन्य कई जगह पर अवैध लॉटरी के कई अड्डे सरेआम बोड लगा कर संचालित किए जाते हैं। इन एक नम्बरी अवैध लॉटरी के अड्डों पर अहले सुबह से ही मध्यम वर्गीय और मजदूर तबके के लोग प्रतिदिन कंगाल होते हैं। किंतु पुलिस प्रशासन इसे रोकने में अक्षम है। ग्रामीणों की माने तो पुलिस को इस अवैध लॉटरी के अड्डों की पूरी जानकारी है किंतु वह सिर्फ इसलिए इसे नहीं बंद करती है क्योंकि इस लॉटरी के अड्डो को संचालित करने वाले रसूखदार लोग पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की जेबें गर्म करते रहते हैं। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को इस अवैध लॉटरी के अड्डों की गुप्त सूचना भी टेलीफोन पर दी जाती है किंतु पुलिस लॉटरी चलाने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के बजाय उसे भाग जाने की सूचना देकर दिखावा के लिए छापेमारी करती है और फोन पर सूचना देने वालो की पहचान भी लॉटरी संचालको को बता देती है। जानकारों की माने तो मढ़ौरा के मिजार्पुर बाजार में चार इसराइली गाछी में एक मुबारकपुर में एक सहित अन्य कई जगहों पर लॉटरी के अड्डे संचालित किए जाते हैं। इसके अलावा ओल्हनपुर, रेपुरा, मढ़ौरा बाजार के मोहन बगान बगीचा, असोइया में भी अवैध लॉटरी के कई अड्डे बिना किसी डर भय के खुलेआम संचालित किए जाते हैं।

## हीटवेव से बेहोश व्यक्ति का निजी क्लिनिक में उपचार के बाद रैफर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। सोनो प्रखंड में हीटवेव का कहर लगातार जारी है । गुरुवार को सोनो प्रखंड छेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत राज दहियारी के खेरा लेवाड़ गांव निवासी जंगली राना अपनी पुत्री के साथ खरीदारी करने बटिया बाजार गया था , जहां पर खरीदारी करने के पश्चात वापस अपने घर लोट रहा था , लोटने के क्रम में बाबा झुमराज मोड़ बटिया पहुंचते ही उसे गस्त लग गई और नीचे जमीन पर गिर पड़ा । स्थानीय लोगों ने उसे पानी का छिंटा मारकर होस में लाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन जब कुछ समय तक उसे होस नहीं आया तो उसे अविलंब उठाकर बटिया बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया , जहां पर उसकी हालात को नाजुक देखते हुए उसे रैफर कर दिया गया है । समाचार संप्रेषण तक उसकी हालत नाजुक बताई गई है । ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों पूर्व ही महेश्वरी गांव स्थित कैम्प में ड्युटी पर तैनात एक सैफ जवान की मौत हीटवेव से हो गई थी , वहीं पिछले चार दिनों पूर्व आदर्श ग्राम पंचायत राज दहियारी के अम्माटिल्हा गांव में मवेशी चरा रहे पिपरा गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत लु की चपेट में आने से हो गई थी ।

## बकरीद पर्व के तीसरे दिन भी सांप्रदायिक सद्भावना कायम रखने के उद्देश्य से मंदिरों की निगरानी में लगे रहे सल्लू खान

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद : जिले में घटित पूर्व की घटनाओं को देखकर बकरीद पर्व में शांति बनी रहे इसको लेकर सोमवार की रात और मंगलवार की अहले सुबह तक शहर के मंदिरों की निगरानी में पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान लगे रहे और एक एक मंदिरों में जाकर इस बात की तहकीकात करते रहे कि कही किसी के द्वारा मंदिरों में या उसके बाहर माहौल खराब करने के उद्देश्य से किसी प्रकार का अवांछित सामग्री ने फेंक दिया जाए। इस कार्य को देखते हुए शहर के कुछ मुस्लिम युवा भी साथ लग गए और पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपादित करने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि शहर में चार वर्ष पूर्व अंदर बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा घिनौनी हरकत की गई थी। जिससे माहौल बिगड़ते बचा था। हाल ही में हसपुरा में भी ऐसी ही घटनाएं घाटी थी। नगर थाना की पुलिस से गश्ती में रहे हाथ मिलाकर धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज में रहेंगे तो अमन चैन से लोग रह सकेंगे। सल्लू खान है जो की इनके द्वारा हर सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं। छठ पूजा हो या दुर्गा पूजा का त्योहार सभी में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी होती है इसके अलावा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना हो या रक्त के कमी से जूझ रहे लोगों को रक्त उपलब्ध कराना।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के नशे में पति ने अपनी पत्नी के साथ किया मारपीट, पत्नी घायल

भागलपुर जिले सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मीरहादी गांव में शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल महिला मिरहट्टी गांव की रहने वाली है। जो उसके पति जुल्मी डोम ने उसे बेरहमी से मारपीट किया है। वही उक्त महिला किसी तरह अपना जान बचाकर 112 पर कॉल किया तभी तुरंत 112 नंबर की पुलिस उक्त स्थान पर पहुंचा और घायल महिला को सुल्तानगंज के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। में वांछित अभियुक्त था।

### 30 लीटर शराब के साथ युवक व शराबी गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मंगलवार की रात हवेली खड़गपुर थाना पुलिस ने राजा रानी तालाब के समीप घंटी बांध के पास 30 लीटर देसी शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उपयुक्त बातों की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि गोमती नदी थाना के समीप से सुख रूप बिना का पुत्र गंगाधर कुमार को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार व्यक्ति पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है खड़गपुर थाना पुलिस ने दूसरी घटना में अलग-अलग जगह से नशे में धूत शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उपर्युक्त बातों की जानकारी देते हो खड़गपुर थाना प्रभारी सह सर्किल इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि बनगामा पंचायत के धायपोखर गांव निवासी वीरेंद्र मंडल के घर के समीप से तथा फुलवरिया गांव निवासी सकलदेव को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### राय पोखर के मैदान में वॉलीबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के राय पोखर के मैदान में 23 जून रविवार को प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में इच्छुक टीमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन संध्या 3:00 से किया जाएगा। मैच के उद्घाटन करता जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मिथिलेश मंडल होंगे। टूनार्मेंट में विजेता एवं उपविजेता के साथ अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सांत्वना पुरस्कर दिया जाएगा। साथ ही साथ जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट में सदर प्रखंड की ओर से खेलने का मौका भी मिलेगा। इसकी जानकारी आयोजक मंडली सुभाष कुमार, रामकुमार उर्फ राम बाबू, दिलखुश झा, संजीव कुमार, आयुष कुमार, रोशन कुमार ,अमन कुमार ,हर्ष कुमार, मिलन कुमार, सुमित कुमार द्वारा दिया गया।

### आरक्षण को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद् किये जाने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : बीरेन्द्र गोप

गया।ओबीसी महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने बिहार सरकार द्वारा पिछड़ों, अतिपिछड़ों व दलितों के लिए बढ़ाये गये आरक्षण को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने की फैसला पर दुःख जताते हुए कहा कि यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण तथा मनुवादी विचारधारा से प्रेरित फैसला है। श्री बीरेन्द्र गोप ने कहा कि अगर बिहार सरकार द्वारा 65% आरक्षण का प्रावधान से अनुच्छेद 14 15 और 16 का उल्लंघन होता है तो आर्थिक आधार पर सवर्णो को दिए जा रहे 10% आरक्षण कितना जायज है।क्या इनमें उन मनुवादी न्यायधीशों को कोई बुराई नहीं दिखता। गोप ने फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब तक देश के न्यायपालिका में कॉलेजियम सिस्टम से न्यायधीशों को न्यूक्ति होती रहेगी तबतक देश के पिछड़ों,अतिपिछड़ों व दलितों की हकमारी होती रहेगी। बीरेन्द्र गोप ने बिहार में डबल इंजन की सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से इस फैसला के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय जाने की मांग की है साथ ही सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि जिस प्रकार आर्थिक आधार पर सवर्णो के लिए 10% का प्रावधान किया है उसी प्रकार ओबीसी, एससी व एसटी समुदाय के लोगों के लिए भी सरकारी नौकरियों में 65% आरक्षण का प्रावधान करें। उन्होंने ये भी कहा कि अगर बिहार सरकार पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो ओबीसी महासभा बिहार इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी। बीरेन्द्र गोप ने 2024 में हुये नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग की है तथा जदयू के सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर द्वारा यादव, कुशवाहा व मुसलमानों के खिलाफ विषवमन कि निंदा करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तत्काल सांसद की सदस्यता समाप्त कराने एवं जदयू से निकालने की भी मांग की है।

# आगामी श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर नगर परिषद के सभागार में समान्य बोर्ड की हुई पहली बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के नगर परिषद सभागार में आगामी श्रावणी मेला को लेकर सामान्य बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू ने की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, उपसभापति नीलम देवी थे बैठक में 28 वार्ड पार्षद के साथ संयुक्त बैठक करते हुए श्रावणी मेला की तैयारी, हर हर घर नल योजना , नाला निर्माण, बिजली , साफ सफाई, दक्षिण क्षेत्र वार्ड में जल जमाव , सुल्तानगंज का नाम अजगैवीनाथ धाम रखने, एंव सुल्तानगंज को अनुमंडल बनाने के लिए प्रस्ताव लिया गया और विभाग को इसके लिए पत्र भेजा जाएगा इसके लिए प्रस्ताव की स्वीकृति ली गई। इस दौरान विधायक प्रो डॉ ललित नारायण मंडल ने बताया कि गंगा घाट किनारे कांवरियों को चलने के लिए 165 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा, कृष्णानंद स्टेडियम को घेराबंदी अपने फंड से करेंगे और स्टेशन रोड, बाईपास रोड, एन. एच. 80 रोड निर्माण के लिए विभाग से बातचीत किया गया है जो जल्द ही निर्माण कार्य किया जाएगा। साथ ही नगर सभापति राज कुमार उर्फ गुड्डू ने बताया कि श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर गंगा घाट एंव मेला क्षेत्र में बिजली पानी,और साफ सफाई पर प्रस्ताव लिया गया। और हर घर नल जल योजना के तहत वार्ड में बोरिंग, नाला निर्माण, 87 करोड़ रुपये की लागत से दक्षिण क्षेत्र में जल जमाव का निदान का प्रस्ताव, सुल्तानगंज को अनुमंडल, बनाने के लिए विभाग को पत्र भेजा जाएगा इसके लिए भी प्रस्ताव लिया गया और सुल्तानगंज का नाम अजगैवीनाथ धाम रखने के लिए समान्य बोर्ड में बहुमत से पारित एंव नगर परिषद का एम्बुलेंस को रेफरल अस्पताल से हस्तांतरित करने का प्रस्ताव की स्वीकृति ली गई इस दौरान वार्ड पार्षद विनोद रजक, दयावति देवी, संजय चौधरी, विभुति यादव, पंकज यादव, नविन कुमार बन्नी, रुबी देवी, मो. ईजराईल, रामानंद पासवान, सरिता देवी, रिंकु देवी, कृष्ण कुमार, रीता देवी, शोभा देवी, पिंकी देवी, नगर परिषद के प्रधान सहायक राजीव रंजन, नगर मैनजर राजेश वर्मा, योजना सहायक रंजीत यादव, जेई घनश्याम कुमार, सहित विभाग के इत्यादि कर्मचारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय खरीफ क्रर्मशाला सह प्रशिक्षण का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निदेशानुसार कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), अरवल द्वारा खरीफ महाभियान-2024 के तहत जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त कृषि भवन, अरवल के प्रांगण में विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता एवं जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रसार कर्मियों को विभाग की योजनाओं का किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुँचाने का निदेश दिया गया और अरवल जिला के किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी -सह-परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा खरीफ महाभियान कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। इसी क्रम में उनके द्वारा खरीफ मौसम में राज्य मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्य, धान, ज्वार, मक्का और मोटे अनाज (मिलेट्स) फसलों के प्रत्यक्षण आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त द्वारा अपने संबोधन में किसानों को जैविक खेती एवं खेती की नई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी प्रसार कर्मियों को खरीफ मौसम में बीज के पंचायतवार लक्ष्य, उर्वरक का लक्ष्य एवं कृषि यांत्रिकरण से संबंधित अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया तथा शत प्रतिशत बीज का उठाव ससमय कराने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि कृषक बंधु बीज प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन कर आवश्यकतानुसार बीज प्रतिष्ठान अथवा होम डिलीवरी के माध्यम से बीज प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उप निदेशक (रसायन), मगध प्रमण्डल, गया द्वारा प्राथमिक विद्यालय में पोषण वाटिका के अंतर्गत मिट्टी जाँच के बारे में बताया गया तथा सभी कृषि समन्वयक को संबंधित मोटे अनाज के कलस्टर में मृदा संग्रहण कर मिट्टी जाँच करवाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना, कस्टम हायरिंग सेंटर, योजना के साथ-साथ फसल अवशेष प्रबंधन के तहत मिलने वाली कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। उप परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा बताया गया कि आज जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला के उपरान्त दिनांक 21 जून से 27 जून 2024 के बीच तिथिवार, प्रखण्डवार एवं जिला के सभी प्रखण्ड मुख्यालयों, ई-किसान भवनों में प्रखण्ड स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण एवं उपादान वितरण किया जाएगा तथा जिला के सभी ग्राम पंचायतों में खरीफ किसान चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा।

# अवैध खनन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## जिला स्तर पर खनन टास्क फोर्स का गठन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल` जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि अरवल जिला अन्तर्गत कुछ शरारती एवं असामाजिक तत्वों द्वारा बालू का अवैध खनन कर प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन एवं पर्यावरण को क्षति पहुँचाने के साथ-साथ सरकार का राजस्व नुकसान करने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती हैं। बालू के अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जिनकी जाँच आवश्यक होती है। इस पर नियंत्रण रखने हेतु जिला स्तर पर खनन टास्क फोर्स का गठन करते हुए जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में बड़ी संख्या में परिवहन के मामले, परिवहन चालान में अनुमान्य मात्रा से अधिक बालू परिवहन के मामले पाये जाते हैं। ऐसे सभी मामलों के सार्थक निवारण एवं ससमय कार्रवाई हेतु आसूचना संग्रहण आवश्यक है। साथ ही ऐसे आसूचना-दाताओं को पुरस्कृत करने से अवैध खनन, प्रेषण एवं भंडारण की रोकथाम एवं सरकारी राजस्व क्षति के हनन पर सटीक कार्रवाई की जा सकेगी।जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 2353, दिनांक 14.06.2024 के आलोक में आम नागरिक अवैध बालू खनन अथवा अवैध बालू का परिवहन किये जाने से संबंधित आसूचना जिला/खान एवं भूतत्व विभाग स्तर पर देते हैं एवं आसूचना सही पाये जाने पर ट्रैक्टर के लिए 5,000/- (पाँच हजार) रुपए तक तथा ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों के लिए 10,000/- (दस हजार) रुपए तक की राशि संबंधित आसूचनादाता को पुरस्कार के रूप में प्रदान की जायेगी। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि इन सभी कार्रवाई के दौरान आसूचनादाता की पहचान गुप्त रखी जायेगी। आसूचनादाता द्वारा अवैध परिवहन संबंधी विशिष्ट सूचना (स्थल जहाँ वाहन खड़ी हो अथवा विशिष्ट मार्ग, जिससे वाहन गुजर रही हो एवं वाहन निबंधन संख्या) देना अनिवार्य होगा।

# राजनीतिक जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है अश्विन चौबे का : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्रीअश्विनी चौबे जी को तेलंगाना के राज्यपाल मनोनीत होने पर सामाजिक एवं राजनीतिक एवं शिक्षाविद नवादा लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीएन मिश्रा नें अश्वनी चौबे को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की वो एक प्रमुख नेता और राजनीतिज्ञ हैं।चौबे ने भागलपुर विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे।अश्विनी चौबे ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 1985 में की जब वे बिहार विधानसभा के सदस्य बने हैं। उन्होंने बिहार के विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर जोरदार आवाज उठाई और 2005 से 2014 तक बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्य किया गया है। उनके कार्यकाल में कई स्वास्थ्य सुधार योजनाएं लागू की गई, जिनका राज्य के जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।2014 के लोकसभा चुनाव में, अश्विनी चौबे ने बक्सर से सांसद का चुनाव जीता है। केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद, उन्हें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में कई पहल कीं।

# थाना के समीप बजरंगबली चौक पर लगा भीषण जाम, राहगीर परेशान

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज थाना के समीप बजरंगबली चौक पर गुरुवार को भीषण जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। इस दौरान बता दे की एनएच-80 का चौड़ीकरण कार्य एजेंसी करा रही है। सुल्तानगंज थाना के समीप तक एक लेन में काम कराने के बाद छोड़ दिया गया है। इसकी वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। थाना के समीप बजरंगबली चौक के समीप बाइपास होते हुए स्टेशन और जयनगर से गंगा घाट जाने वाली सड़क को एनएच से कनेक्ट नहीं किए जाने से इन दोनों रोड से आने वाले वाहनों को एनएच पर चढ़ाने में वाहन चालकों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके चलते जाम लग रहा है। इस दौरान आज थाना चौक के पास एक घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा । थाना रोड में रहने वाले दुकानदार और प्रबुद्ध लोगों ने बताया कि एजेंसी को कम से कम एनएच से कनेक्ट सभी एप्रोच रोड की कनेक्टिविटी कर ही काम बंद करना चाहिए था। हल्की बारिश के वजह से एक तरफ के रोड पर काम नही होने से पानी जमने की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे छोटी बड़ी गाड़ियों को आवागम करने में काफी फरेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। वही इस जाम को छुड़ाने में स्थानीय लोगो और पुलिस प्रशासन के पसीने छूट रहे है। वही लोगो का कहना है की अभी यह हाल है रोड का आने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में क्या होगा।

# श्रीरामपुर गांव में देर रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट 8 लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के अकबरनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में देर रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई । इस मारपीट में दोनो ओर से जमकर लाठी ,डंटे ,लोहे के रड चले। वही इस मारपीट की घटना में दोनो पक्षों से कुल 08 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही एक पक्ष के नेहा कुमारी,रुची कुमारी,रवि कुमार, सुखनन्दन यादव वही दूसरे पक्ष से जवाहर कुमार, मुंशी कुमार, मन्नू कुमार, बंटी कुमार,घायल है। घटना के बाद दोनो पक्ष से घायल सभी लोग थाना पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सुल्तानगंज के रेफरल अस्पताल भेजा गया । घटना के बावत बताया गया कि जमीन पर मिट्टी गिराने को लेकर विवाद हुआ और दोनो पक्ष में जमकर मारपीट हो गई। वही एक पक्ष के लोगो का आरोप है कि गोली भी चलाया गया और हथियार लहराया गया । हलॉकि गोली चलने की पुष्टि थानाअध्यक्ष ने नही किया । पुरे मामले को लेकर अकबर नगर थानाअध्यक्ष रोहित रितेश ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हुई है । दोनो पक्ष के ओर से घायल है आवेदन देने के बाद उचित कारवाई किया जाऐगा । फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है ।

# अल्पसंख्यक रोजगार ऋण राशि वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा

गया।बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम लि0, पटना के आदेशानुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एन एम डी एफ सी ट्रम लोन एंव शिक्षा ऋण योजना अन्तर्गत वितरित ऋण राशि की वसूली हेतु 26.06से 28.06 तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, समाहरणालय गया में कैम्प का आयोजन किया जाना है। अबतक जिन ऋणियों द्वारा समय पर ऋण राशि नहीं चुकाया गया है वो उक्त तिथि को कार्यालय में आकर बकाया ऋण राशि जमा कर सकते है अन्यथा नहीं चुकाने की स्थिति में संबंधित बकाएदार एंव जमानतदार के विरुद्ध निगम द्वारा दीवानी एंव फौजदारी मुकदमा भी दायर किया जा सकता है।वसूली कैम्प में बकाया ऋण राशि का भुगतान नहीं करने पर ऋणी द्वारा दिया गया कोई भी स्पष्टीकरण भविष्य में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# आयुक्त ने विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर पदाधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। प्रमंडलीय सभागार में मुंगेर। प्रमंडल श्रेत्र अन्तर्गत विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह द्वारा की गई। इस मौके पर आयुक्त श्री सिंह ने सभी उप विकास आयुक्त एवं सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ विकास से संबंधित समीक्षा किय। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव अरविन्द कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सह उप निदेशक जन सम्पर्क दिलीप कुमार देव भी उपस्थित थे। इस समीक्षात्मक बैठक में पंचायत सरकार भवनों के निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाईट, मनरेगा, आवास योजना, जल जीवन हरियाली एवं सात निश्चय से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम आयुक्त ने पंचायत सरकार भवन निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। जिलावार लक्ष्य के आलोक में अबतक की प्रगति का जायजा लिया गया। सभी जिलों में चिन्हित पंचायत सरकार भवन का सीमांकन, निर्माण एजेंसियों के स्तर से निविदा एवं कार्य आरंभ करने की स्थिति चिन्हित भूमि की उपयुक्तता, भूमि चयन से संबंधित एवं अन्य मामलें की जानकारी ली गयी। आयुक्त ने सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य से संबंधित हर बिन्दुओं की समीक्षा कर जहां समस्या आ रही है उसका व्यक्तिगत रूचि लेकर समाधान करें, ताकि योजनों के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो सके। जहां भी निर्माण एजेंसी यथा भवन निर्माण विभाग अथवा एल.ई.ए.ओ. के स्तर से निविदा की प्रक्रिया बतायी जा रही है, उसका मॉनिटेरिंग करते हुए समय सीमा के अंदर निविदा प्रक्रिया पूरा कराये। जहां चिन्हित जमीन असमतल या गढ्ढे. आदि है, उसका निराकरण कराये। साथ ही विवाद की स्थिति में भूमि चयन के संबंध में हस्तक्षेप कर सेटलमेंट भी कराये। उप विकास आयुक्त की व्यक्तिगत जबावदेही होगी कि एक-एक योजना की अपने स्तर से व्यक्तिगत रूप में मॉनिटेरिंग करेगे। सोलर स्ट्रीट लाईट की समीक्षा में मुंगेर जिला की प्रगति 32 प्रतिशत रहने पर असंतोष जाहिर करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि जो एजेंसी एलोट है उसमें से जो एजेंसी अच्छा कार्य कर रही है उससे ही काम कराये, जो एजेंसी काम नहीं कर रही है उसको बदल दे। सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत स्ट्रीट सोलर लाईट संस्थापन कराने का निदेश दिया गया। नल जल योजना की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि पंचायती राज विभाग के द्वारा क्रियान्वित सभी योजना पीएचईडी विभाग को हस्तागत कराया जाना है लेकिन अभी काफी योजनाएं पीएचईडी विभाग को हस्तगत नहीं किया गया है, यह खेदजनक है। उन्होंने कहा कि जो नल जल योजना विवादित है कार्य आरंभ नहीं हुआ है।

# टीचर्स ऑफ बिहार का प्रयास: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बनाए खास

प्रात : किरण संवाददाता

गया।नियमित योग करने से मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों का अनुभव होता है। इससे बच्चों की शारीरिक लचीलापन, संतुलन और ताकत में वृद्धि होती है। यह पीठ दर्द और शारीरिक तनाव कम करने में भी सहायक होते है। योग ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ाता है, जिससे बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार होता है। शिक्षकों के लिए योग तनाव कम कर मानसिक शांति प्रदान करता है। सामूहिक योग सत्र टीम वर्क और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति से भी जोड़ता है। इसी उद्देश्य से प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स आफ बिहार के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसको लेकर टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के साथ-साथ टीचर्स ऑफ बिहार भी विद्यालयों में बच्चे एवं शिक्षकों के बीच में कई कार्यक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को खास बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके अंतर्गत योग दिवस के दिन सुबह में "चेतना सत्र की शुरूआत, योग गुरु के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रसिद्ध योग गुरु कुमार चैतन्य के द्वारा 7:00 बजे पूर्वाह्न से लाइव योगाभ्यास कराया जाएगा। शिक्षकों एवं बच्चों के लिए योग से संबंधित "योगदूत क्विज" का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेकर के क्विज से संबंधित प्रश्नों को हल करके प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उसके बाद बिहार के शिक्षक एवं बच्चे योग से संबधित अपनी कविता एवं कहानी जैसी विधाओं से संबंधित रचनाओं का प्रकाशन टीचर्स बिहार के वेबसाइट गद्य गुंजन एवं पद्य पंकज पर करवा सकते हैं। इतना ही नहीं योग दिवस के अवसर पर बिहार के सरकारी विद्यालयों के बच्चे एवं शिक्षकों के लिए फोटोज एवं वीडियोज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया है जिसमें बच्चे, शिक्षक एवं अन्य लोग भी योग करते हुए फोटो एवं वीडियो बनाकर टीचर्स बिहार के फेसबुक ग्रुप पर अपलोड करेंगे इसके उपरांत उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम से संबधित विस्तृत जानकारी के लिए टीचर्स ऑफ बिहार के टीम लीडर केशव कुमार के मोबाइल नंबर 8969900475 पर विद्यालय अवधि के उपरांत व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। यह जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

# विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग में व्यापक मनमानी से तकनीकी शिक्षा चौपट

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार में राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना कर राज्य सरकार ने राज्य के उज्जवल भविष्य की ओर बिहार के नौजवानों को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रोजगार की ओर तैयार करने के उद्देश्य यह संस्थान स्थापित किए हैं वहीं यह संस्थान अपने उद्देश्य से भटक रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग पटना के कार्यालय सूत्रों के अनुसार मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के रमणकाबाद स्थित मुंगेर पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्या श्रीमती खुशबू रानी को विभाग के सचिव ने कई नियमों को तक पर रखकर बिना डॉक्टरेट अर्थात पीएचडी की उपाधि प्राप्त किए ही उन्हें राजकीय कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त कर दिया है। बताया जाता है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य खुशबू रानी को पीएचडी की उपाधि प्राप्त नहीं है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव का मेहरबानी कहा जाए की बगैर पीएचडी की उपाधि प्राप्त किये ही राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती खुशबू रानी को प्राचार्य की कुर्सी पर विभाग ने बैठा दिया है। जबकि विभाग में कई प्रोफेसर श्रीमती खुशबू रानी से सीनियर हैं जिन्हें आज भी पद उन्नति विभाग द्वारा नहीं दिए जा रहे हैं । प्राचार्य का प्रभाव विभाग के एक मंत्री के ऊपर इतनी है कि उक्त मंत्री का दबाव विभाग के सचिव पर दिए जाने के बाद ही राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्या को बिना पीएचडी उपाधि प्राप्त किया ही उन्हें प्राचार्य के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि मंत्री का प्रभाव सचिव के ऊपर इतनी भारी है कि सारे नियम कायदों को तक पर रखकर प्राचार्या के द्वारा सरकार की खजाने को फर्जी विपत्रों के जरिए लूट रही हैं और विभाग द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर जिलाध्यक्ष वीरबल यादव प्रवक्ता आलोक रंजन ने किया साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस

आरा : प्रेस को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने कहा की नौकरी रोजगार की जिस सकारात्मक राजनीति की शुरूआत श्री तेजस्वी यादव जी ने की आज उसका लाभ बिहार के लाखों युवा उठा पा रहे हैं। तेजस्वी जी ने महीनों के अल्प कार्यकाल में लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी, इसी दौरान लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई जो आचार संहिता के चलते कुछ महीनों से रुकी थी। चूंकि अब लोकसभा चुनाव पूर्ण हो चुके है। पहले से प्रक्रियाधीन लाख से अधिक नौकरियों के अलावा नीतीश सरकार अब महागठबंधन सरकार के निर्णय अनुसार सभी विभागों की शेष रिक्तियों पर यथाशीघ्र बहाली प्रक्रिया शुरू कर नियुक्तियां करावे। यह तेजस्वी यादव जी की लोकप्रियता और नौकरी रोजगार की उनकी सकारात्मक राजनीति का ही दबाव है कि अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नौकरी रोजगार की बात करने लगे हैं। गौरतलब है कि यही नीतीश कुमार और भाजपा के लोग 10 लाख नौकरी की तेजस्वी यादव जी की बात को असंभव बता रहे थे। 10 लाख नौकरियों का बजट नहीं होने की बात करते थे। वहीं राजद के जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने कहा की आज जिन विभागों में नौकरी की बात नीतीश कुमार और भाजपा के नेता कर रहे हैं उसका सारा रोडमैप तेजस्वी जी ने ही बनाया था। तेजस्वी जी ने वैज्ञानिक तरीके से मुख्यमंत्री सहित वरीय अधिकारियों (जो इनके कार्यकाल में हमेशा संविदा और आउटसोर्सिंग के पक्षधर रहे) को बताया और समझाया कि कैसे बिहार में लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा सकती है। इससे पूर्व तक साल सत्ता में रहने के बावजूद वो यह मानने को ही तैयार नहीं होते थे कि बिहार में लाखों पद खाली भी है। स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए श्री तेजस्वी यादव जी ने 1 लाख 60 हजार नौकरियों का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। जिन लाखों नौकरियों की बहाली को उन्होंने प्रक्रियाबद्ध किया था, जिसकी तेजस्वी यादव जी ने घोषणा भी की थी पर सरकार गिरा दिए जाने के कारण इसमें व्यवधान पड़ गया था। लेकिन हम लगातार लड़ाई लड़ बिहार के युवाओं को ये नौकरियां दिला कर रहेंगे। तेजस्वी यादव जी के 10 लाख नौकरी के वादे और जनता के उनपर जताए विश्वास का इतना दबाव है इखढ-खऊब की सरकार पर कि उन्हें मजबूरी में इस लक्ष्य के बाकी 5 लाख की संख्या को पूरा करने में एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। अगर मुख्यमंत्री और बीजेपी नौकरी रोजगार को लेकर इतने ही चिंतित थे तो उनके 17 वर्षो के कार्यकाल में 10 लाख रिक्तियां कैसे हुई? इसका अर्थ है कि इन्होंने कभी भी युवाओं को नौकरी देने के बारे में सोचा ही नहीं? मुख्यमंत्री बताएँ उन्होंने 17 वर्षो में संविदा और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा क्यों दिया? क्या यह सच नहीं है कि मुख्यमंत्री की गलत नीतियों की वजह से आज बिहार में लाखों युवा ओवर ऐज हो गए? मुख्यमंत्री बतावें कि क्या यह सच नहीं है कि तेजस्वी जी तत्कालीन शिक्षा मंत्री को साथ लेकर कई दफा उनसे आग्रह किया कि बिहारवासियों के लिये डोमोसाइल नीति को लागू किया जाए लेकिन मुख्यमंत्री इस पर लोकसभा चुनाव बाद विचार करने को कहकर टालते रहे। आज समस्त बिहार के युवा आभारी हैं तेजस्वी यादव जी के, जो उन्होंने अपनी नौकरी रोजगार दिलाने की राजनीति से बिहार की राजनीति को पलट दिया। और जो लोग 10 लाख सरकारी नौकरी की बात को असंभव बता रहे थे, उन पर ही इतना दबाव है वह आज उसी लक्ष्य को पूरा करने में लगे हुए हैं ताकि तेजस्वी जी के 17 महीनों के काम के सामने थोड़ा बहुत टिक पाएँ! गौरतलब है कि श्री तेजस्वी यादव जी का काम केवल 17 महीनों में अप्रत्याशित 5 लाख नौकरी देने तक ही सीमित नहीं था। उन्होंने टूरिज्म पॉलिसी, आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी जैसे नीतियों के गठन में योगदान दिया तथा उद्योग विभाग द्वारा 50000 करोड़ से अधिक के एमओयू साइन करवाने में भी अपना योगदान दिया।

